

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 6 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 25 जनवरी, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


भजनलाल सरकार महिलाओं, कर्मचारियों सहित किसानों को दे सकती है सौगात

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी 19 फरवरी को पेश करेगी राजस्थान का बजट

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। प्रदेश की उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी 19 फरवरी को विधानसभा में भजनलाल सरकार का तीसरा बजट पेश करेंगी, जिसमें महिलाओं और कर्मचारियों के लिए 6 बड़े ऐलान हो सकते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी विभाग के अधिकारियों से मीटिंग करने और जनता से मिले सुझावों को गौर करने के बाद इन ऐलानों का निर्णय लिया है। इसमें डीपीसी प्रमोशन के लिए 2 साल की छूट, आरजीएचएस के अन्तर्गत मेडिकल फैसिलिटी का लाभ लेने के लिए महिला/पुरुष कार्मिकों को अपने माता-पिता अथवा सास-ससुर में से किसी एक को चुनने का विकल्प देना आदि शामिल है।



## बजट 2025 में ये घोषणाएं भी संभवः

इसके अलावा, सीएम के ऐलानों में हर साल 30 जून को रिटायर होने वाले कार्मिकों को 1 जुलाई से एक काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ देना, ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करना, पेंशनर्स को देय आउटडोर चिकित्सा सेवा की व्यय सीमा को 30 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये करना और 1 अप्रैल 2024 के बाद कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन देने जैसी घोषणाएं करना भी शामिल है।

## किसानों-पशुपालकों को सीएम ने दिया आश्वासन

राज्य सरकार की तरफ से जारी एक बयान के अनुसार, सीएम भजनलाल ने कहा है कि सरकार बजट में समाज के हर वर्ग की जरूरतों को शामिल करेगी ताकि सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को गति मिल सके। सीएम चाहते हैं कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले और वह समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सके। बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सीएम ने किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों के प्रतिनिधियों के साथ भी बजट घोषणाओं को लेकर बातचीत की। शर्मा ने आश्वासन दिया कि प्राप्त सुझावों को जहां भी संभव हो, 2025-26 के राज्य बजट में शामिल किया जाएगा।

## 31 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र

राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 31 जनवरी से दो चरणों में शुरू होगा। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद 7 जनवरी को अभिभाषण पर मुख्यमंत्री जवाब देंगे। फिर 19 फरवरी को दिया कुमारी बजट पेश करेंगी। उसके बाद के दिनों में बजट पर चर्चा शुरू होगी। यह बजट सत्र मार्च के दूसरे सप्ताह तक चलने की संभावना है। आधिकारिक तौर पर सदन का बिजनेस बीएसी की बैठक में तय होगा।



# सीएम ने दी मंजूरी, जल्द जारी होगी खनिज ब्लॉक की ई-नीलामी अधिसूचना

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। प्रदेश के जैसलमेर, कोटा और सवाई माधोपुर जिलों में स्थित विभिन्न खनिज ब्लॉक की ई-नीलामी के लिए अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इन लाईमस्टोन खनिज ब्लॉक्स व लेड-जिंक ब्लॉक की ई-नीलामी की अनुमति का अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के उपरान्त अब जैसलमेर जिले में खनिज लाईमस्टोन के ब्लॉक पारेवार (SN-I) 960 हैक्टेयर क्षेत्र, पारेवार (SN-III) 928 हैक्टेयर क्षेत्र, पारेवार (SN-IV) 960 हैक्टेयर क्षेत्र व पारेवार-ए (400 हैक्टेयर क्षेत्र), कोटा जिले में लाईमस्टोन के पूर्वेक्षित ब्लॉक निनामा-दुनिया एक्सटेंशन (408.2974 हैक्टेयर क्षेत्र), जैसलमेर जिले में लाईमस्टोन के खाबिया (200.4766 हैक्टेयर क्षेत्र) एवं खाबिया ईस्ट ब्लॉक (205.9798 हैक्टेयर क्षेत्र) और सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा में लेड-जिंक ब्लॉक (984.5951 हैक्टेयर क्षेत्र) के कम्पोजिट लाइसेंस में ई-नीलामी की अधिसूचना जारी की जाएगी।

## 2023-24 में मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन में राजस्थान प्रथम

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन में समूचे देश में नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है। इसे देखते हुए ओडिशा के कोणार्क में हाल ही आयोजित नेशनल माइंस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में वर्ष 2023-24 में देश में सर्वाधिक मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन करने पर राजस्थान को प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। पिछले एक साल में खनन क्षेत्र में खनिज खोज से लेकर माइनर व मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन, एमनेस्टी योजना, ड्रोन सर्वे और एकबारीय समाधान योजना, नई और प्रगतिशील खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति से प्रदेश में खनन उद्यमियों व खननकर्ताओं में निवेश का सकारात्मक माहौल पैदा हुआ है।

## 2023-24 में राज्य सरकार ने 31 मेजर मिनरल ब्लॉक की नीलामी कीः

राज्य सरकार के प्रयासों से गत वित्त वर्ष में खनन क्षेत्र में 7 हजार 460 करोड़ 48 लाख रूपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 31 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी की गई, जिनमें से वर्तमान राज्य सरकार के पहले तीन माह में ही 15 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी केन्द्र सरकार के पोर्टल के माध्यम से की गई।

## राजस्थान में खनन क्षेत्र से 35 लाख लोगों को मिलता है काम

वर्तमान में प्रदेश में खनन क्षेत्र में लगभग 35 लाख लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है। राज्य सरकार की ओर से राजस्थान खनिज नीति-2024 व एम-सेण्ड नीति-2024 लाकर महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार किए गए हैं। इसके माध्यम से राज्य जीडीपी में खनन क्षेत्र की हिस्सेदारी को 3.4 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2029-30 तक 5 प्रतिशत और 2046-47 तक 8 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। साथ ही, इन नवाचारों से खनन क्षेत्र में रोजगार सृजन को भी गति मिलेगी।



# पूर्व विधायक बलजीत यादव के ठिकानों पर ईडी की रेड

जयपुर टाइम्स

अलवर(कासं)। बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव के ठिकानों पर ईडी ने कार्रवाई की है। समाचार लिखे जाने तक दौसा और अलवर में एक-एक ठिकानों पर कार्रवाई जारी रही। बलजीत यादव पर क्रिकेट की घटिया सामान की आपूर्ति का आरोप है और इस संबंध में परिवर्तन निदेशालय कार्रवाई कर रहा है। बता दें कि पीएमएलए कानून के तहत यह कार्रवाई की जा रही है। इसमें उन्होंने कुछ कंपनियों से सांठ-गांठ कर सरकारी स्कूलों में घटिया सामग्री सप्लाई कर दी थी। इसमें तीन करोड़ 72 लाख रुपये का घोटाला बताया गया था।

पूर्व में इस मामले में एसीबी ने मुकदमा दर्ज किया है, जिस कंपनी के मार्फत खरीद बताई जाती है, उसका नाम बालाजी कंपनी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड है।

# खाद्य सुरक्षा से वंचित लोगों के जुड़ेंगे नाम, कल से होगी प्रक्रिया शुरू

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा से वंचित पात्र परिवारों व व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभान्वित करने के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा की प्राथमिकता सूची से जोड़ने की प्रक्रिया में सरलीकरण के लिए खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से जारी निर्देशानुसार इच्छुक व्यक्ति अथवा परिवार को निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। आवेदन स्वयं/ई मित्र के जरिए किया जा सकेगा। आवेदक को अपनी श्रेणी यथा अन्त्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल के कार्ड की क्रमांक संख्या, सीमान्त कृषक, श्रमिक कार्ड व सफाई कर्मचारी होने के दस्तावेजी साक्ष्य स्वयं हस्ताक्षरित कर आवेदन के साथ संलग्न करने होंगे। साथ ही आवेदक को यह शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि वह खाद्य सुरक्षा की निष्कासन सूची की किसी भी श्रेणी के आधार पर अपात्र नहीं है।

खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से ज़ारी निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जोड़ने के लिए प्राप्त आवेदन निस्तारण के लिए संबंधित अपीलीय अधिकारी के समक्ष ऑनलाइन किया जाएगा। अपीलीय अधिकारी की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नाम जोड़ने/नहीं जोड़ने की कार्यवाही आवेदन प्राप्त होने के एक माह के भीतर संपन्न की जाएगी।

अपीलीय अधिकारी की ओर से प्राप्त आवेदन को शहरी क्षेत्र में नगरीय निकायों (नगरपालिका/नगर परिषद/नगर निगम) के अधिशाषी अधिकारी व ग्रामीण क्षेत्र में ब्लॉक विकास अधिकारी को जांच के लिए प्रेषित किया जाएगा।

उक्त अधिकारियों की ओर से आवेदन की जांच के लिए गठित कमेटी (पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी/स्थानीय निकाय का कार्मिक, बूथ लेवल अधिकारी) से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर नाम जोड़ने के संबंध में स्पष्ट अभिमत के साथ प्रकरण अपीलीय अधिकारी को पुनः प्रेषित किया जाएगा। तदोपरान्त संबंधित अपीलीय अधिकारी की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने अथवा नहीं जोड़ने का निर्णय लेकर आवेदन निस्तारित किया जाएगा। उक्त प्रक्रिया में पूर्व से लंबित आवेदन भी निस्तारित किए जाएंगे। पुराने आवेदनकर्ता को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी।

खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि विभाग की ओर से जारी नए दिशा निर्देश 26 जनवरी से लागू होंगे। उन्होंने कहा कि नए प्रावधानों से खाद्य सुरक्षा अधिनियम से वंचित पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने का कार्य अधिक पारदर्शिता व समयबद्ध रूप से हो सकेगा।



# 2024 की सर्वश्रेष्ठ टीम में 3 भारतीय खिलाड़ी शामिल

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली। आईसीसी ने शुक्रवार को साल 2024 के लिए पुरुषों की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम के एलान के बाद सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम का भी एलान कर दिया है। इस टीम में भारत के तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है, लेकिन इनमें न तो रोहित शर्मा हैं और न ही विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन।

टीम की कमान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को सौंपी गई है। सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में इंग्लैंड के सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी हैं। वहीं, भारत के तीन और न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया का सिर्फ एक खिलाड़ी इस टीम में है, जबकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम का कोई खिलाड़ी इस टीम में नहीं है।

सीएम भजनलाल शर्मा ने किया प्रस्ताव का अनुमोदन

# राजस्थान में नई जिला परिषदों और ग्राम पंचायतों का होगा गठन व पुनर्गठन

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार नए जिलों में प्रशासनिक ढांचा तैयार करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन व अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने नई जिला परिषदों के गठन व प्रभावित जिला परिषदों के पुनर्गठन से संबंधित कार्यवाही के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। प्रस्ताव के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम के तहत संबंधित जिलों (8 नए जिले व 12 प्रभावित जिले) के जिला कलक्टर पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के आधार पर जिला परिषद के गठन व पुनर्गठन का प्रस्ताव तैयार करेंगे। साथ ही, इससे प्रभावित पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के नवसृजन व पुनर्गठन के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएंगे।

जिला कलक्टरों की ओर से इन प्रस्तावों को सार्वजनिक अवलोकन के लिए प्रसारित कर 1 माह में आपत्तियां आमंत्रित की जाएगी, जिनके निस्तारण के बाद प्रस्तावों को राज्य सरकार को प्रेषित कर दिया जाएगा। इन प्रस्तावों के परीक्षण व अनुमोदन पश्चात नवगठित/पुनर्गठित जिला परिषदों, पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी की जाएगी।




उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी वर्ष में प्रदेश में 17 नवीन जिले व 3 नवीन संभाग बनाने का निर्णय लिया लेकिन नवसृजित जिलों में नई जिला परिषदों का गठन नहीं किया। हाल ही में राज्य सरकार ने जिलों का पुनर्निर्धारण किया है। पुनर्निर्धारण के बाद यथावत रखे गए 8 नए जिलों में राज्य सरकार ने नई जिला परिषदों के गठन का निर्णय लिया है ताकि आमजन को इन जिलों के गठन का वास्तविक लाभ मिल सके।

# मध्य प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी

जयपुर टाइम्स

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक अप्रैल से अब प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों में शराब नहीं बिकेगी और दुकानें बंद हो जाएगी। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने बताया कि जो दुकानें बंद की जाएंगी, उन दुकानों को कहीं और शिफ्ट नहीं किया जाएगा। ये पूर्णत बंद होंगी। मप्र के शहरों के धार्मिक महत्व को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। शहरों के अलावा नर्मदा नदी के दोनों किनारों के पांच-पांच किमी दायरे तक शराब दुकान नहीं रहेंगी।

## उज्जैन में पूर्णतः शराबबंदी

महाकाल ज्योतिर्लिंग होने के कारण उज्जैन को शराब से मुक्त किया जा रहा है। यहां की सभी दुकानें बंद की जाएगी। यानी कि उज्जैन नगर निगम का दायरा शराब से मुक्त रहेगा। इसके अलावा अलग-अलग नगर पालिकाएं, नगर पंचायतें भी पूरी तरह से शराब मुक्त की गई हैं।

# गुरुग्राम में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में संगठन विस्तार और संगठनात्मक नियुक्तियों पर मंथन

## दिल्ली विधानसभा चुनाव जिताने में हरियाणा के नेताओं की भूमिका पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

गुरुग्राम(कासं)। भारतीय जनता पार्टी की कोर ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को गुरुग्राम में हुई। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, मंत्री कृष्ण बेदी, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, सुरेंद्र पूनिया, पूर्व मंत्री राम बिलास शर्मा, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री डा. कमल गुप्ता, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल आदि कोर कमेटी के नेताओं ने लगभग दो घंटे तक पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की योजना, संगठन विस्तार और संगठनात्मक नियुक्तियों पर मंथन किया। बैठक में दिल्ली विधानसभा चुनाव जिताने में हरियाणा के नेताओं की ओर से निभाई जा रही भूमिका पर भी बातचीत हुई। बैठक में सदस्यता अभियान, संगठनात्मक चुनाव की समीक्षा भी की गई।

### गुरुग्राम पार्टी कार्यालीय गुरुकमल में साइकिलस्टि मनोज कुमार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया सम्मानित

#### मनोज कुमार 14 देशों के लोगों को अंगदान करने के लिए करेंगे प्रेरित

गुरुग्राम। रेवाड़ी का साइकिलस्टि महेश कुमार ने रेवाड़ी से हांगकांग तक साइकिल यात्रा शुरू की है। मनोज कुमार 14 देशों के लोगों को अंगदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। शुक्रवार को मनोज कुमार गुरुग्राम में भाजपा कार्यालय गुरुकमल पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मनोज कुमार को सम्मानित किया और यात्रा की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मानवता की भलाई के लिए मनोज कुमार ने जो यात्रा शुरू की है वह सराहनीय है। साइकिलस्टि मनोज कुमार ने बताया कि वह 15 जनवरी को रेवाड़ी से रवाना हुए और नेपाल, भूटान, वियतनाम, कंबोडिया, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, फिलिपींस, ताइवान, चीन होते हुए हांगकांग पहुंचेंगे और लोगों को अंगदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

सबसे पहले प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बैठक के एजेंडों को रखा। इसके बाद एक के बाद एक विषयों पर गहनता से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां सरकार की ओर से जनहित में उठाए गए कदमों की जानकारी भी रखी। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी संगठन की चुनावी प्रक्रिया के बारे में बताया। प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने तय किए गए कार्यक्रम समय पर पूरा करने की उम्मीद जताई। आज की बैठक में संविधान गौरव अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। यह अभियान पूरे एक वर्ष तक चलेगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजेपयी की जन्म शताब्दी पर चल रहे कार्यक्रम भी जारी रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा में अभी तक 44 लाख भाजपा के सदस्य बने हैं और 41 हजार सक्रिय सदस्य बना लिए गए हैं। बड़ौली ने कहा कि भाजपा वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर गंभीर है और आज इस विषय पर भी गंभीरता से चर्चा हुई है और प्रदेश में बड़े-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 25 जनवरी को हरियाणा भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे हो रहे हैं। 25 जनवरी को ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्म दिन है जिसे कार्यकर्ता धूमधाम से मनाएंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने संकल्प पत्र में जो वादे किए हैं उन्हें पूरी तरह से लागू किया जाएगा। कुछ वादे पूरे कर लिए हैं और बाकी किए गए वादो को भी सरकार पूरा करेगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव पर पूछे गए सवाल पर बोलते हुए बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के कार्यकर्ताओं की दिल्ली की 32 विधानसभाओं में ड्यूटी लगी हुई है। नगर निगम चुनाव पर उन्होंने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार है और निगम में भी ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी।

# राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
25 जनवरी, 2025




## राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के 24वें दिन की गई समझाईश एवं प्रवर्तन कार्रवाई

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निसं)। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा अलवर परवाह' की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2025 के 24वें दिन शुक्रवार को परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व प्रवर्तन संबंधित कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग के उडन दस्ता प्रभारी अमित भारद्वाज द्वारा स्वामी विवेकानन्द स्कूल चिकानी में सडक सुरक्षा कार्यशाला आयोजित कर लगभग 300 विद्यार्थियों को यातायात, सडक सुरक्षा, गुड सेमेरिटन इत्यादि नियमों की जानकारी दी गई। परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा पृथक-पृथक समझाइश कार्यवाही करते हुए 200 से अधिक वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों संबंधी जानकारी प्रदान की गई। ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन उडन दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 65 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 16 बिना सीटबेल्ट, 78 बिना हेलमेट वाहन संचालन, 6 वाहन चलाते समय मोबाइल वार्ता, 24 तीन सवारी से अधिक होने, 18 बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र संचालित वाहन × 8 निर्धारित गति से अधिक वाहन चलाने, 10 नो पार्किंग, 1 बिना नंबर प्लेट के वाहन संचालन, 6 बिना रिफ्लेक्टर टेप के वाहन संचालन, 3 ट्रैफिक सिगनल तोडने एवं 26 अन्य चालान किए गए।

## जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

**जयपुर टाइम्स**



अलवर(निसं)। जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर की अध्यक्षता में जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई, जिसमें ग्राम सभाओं से अनुमोदन के उपरान्त पंचायत समितियों के माध्यम से प्राप्त मनरेगा की वार्षिक कार्य योजना 2025-26 का अनुमोदन किया गया।

जिला प्रमुख छिल्लर ने कहा कि मनरेगा वार्षिक कार्ययोजना में जल संरक्षण के कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसमें एनिकट, चारागाह प्रबंधन जैसे कार्य किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले की हर पंचायत समिति में मनरेगा से 5-5 खेल मैदान भी विकसित किए जाएंगे। उन्होंने सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों एवं अवगत कराई गई समस्याओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की जांच कर उसका नियमानुसार निराकरण करावें तथा इसकी सूचना जिला परिषद के संबंधित सदस्य को दी जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर विकास कार्य एवं योजनाओं को धरातल पर लागू करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों जिसमें जलदाय विभाग द्वारा की गई बोरिंगों की कम गहराई के विषय पर जांच हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को एक समिति गठित करने के निर्देश दिये। बैठक से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने तथा महिला पार्षद के स्थान पर उनके प्रतिनिधि के तौर पर आने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिये।

बैठक में मुण्डावर विधायक ललित यादव ने मुण्डावर क्षेत्र सहित जिले में जल जीवन मिशन के तहत गांवों में नल कनेक्शन हेतु खोदी गई सडक की मरम्मत कराने, शाहजहांपुर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत कराने, विद्युत विभाग के लाइनमैनों द्वारा की जा रही अनियमितताओं की जांच कराने, घिलोठ औद्योगिक क्षेत्र के आसपास कैमिकल फैक्ट्रियों की वजह से फसल को हुए नुकसान आदि के बारे में अवगत कराया। उप जिला प्रमुख ललिता मीणा ने थानागाजी क्षेत्र की विद्युत समस्याओं व विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन उठाने के लिए पाबंद करने, कोटकासिम प्रधान विनोद कुमारी सांगवान ने ग्राम किरवारी में तीन माह से जले ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्म लगवाने, हरसौली में बालसखी के नियम विरूद्ध चयन के संबंध में अवगत कराया।

# सीएमएचओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

# निर्देशन में सिमट कर रह गया निरीक्षण

### दवाईयाँ अनुपलब्ध , सोनोग्राफी का अभाव, मरीजो की परेशानी जस की तस

**जयपुर टाइम्स**

राजगढ़(निसं)। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र शर्मा ने गुरुवार को राजगढ़ सीएचसी पहुँच निरीक्षण किया इसके बाद उन्होंने चिकित्सको की एक बैठक ली बैठक में चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएमएचओ योगेंद्र शर्मा ने बताया कि राजगढ़ सीएचसी में चिकित्सक काफी है बैठक का मुख्य उद्देश्य यही है कि इमरजेंसी होती है जिसमे चिकित्सक नही मिल पाते है। जिसको लेकर बैठक में निर्देश दिए है कि रोस्टर इस तरीके से बनाया जाए की एक व्यक्ति मौजूद रहे और जो भी मरीज आये जो अटेंड हो जाये। उसके बाद सम्बंधित विशेषज्ञ को बुलाकर दिखवाया जाए। किसी भी तरीके से मरीज को ये नही कहा जाए कि क्वाटर पर जाकर दिखाए। उन्होंने बताया की ईमरजेंसी में इंजेक्शन ही मिलते है दवाइयां नही मिलती है। इसको लेकर प्रभारी को निर्देश दे दिए है की इमरजेंसी में दवाइयां ईशु करे वही इसके अलावा सीएमएचओ ने एक निजी लैब व मेडिकल स्टोर की जांच की गई

### सोनोग्राफी का अभाव

सीएमचओ डॉ योगेंद्र शर्मा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी के लिए 2 गायनी चिकित्सक मौजूद है एक माह में 35 सोनोग्राफी हुई जिसको लेकर 10 से 20 सोनोग्राफी प्रतिदिन करने के निर्देश दिए गए वही अन्य मरीज की सोनोग्राफी नही हो पाती क्योकि सोनोलॉजिस्ट उपलब्ध नही है

### चिकित्सा विभाग में बड़ी संख्या तबादले फिर भी आखिर कमी

राज्य सरकार ने चिकित्सा विभाग में बड़ी संख्या में तबादले किये चाहे वो चिकित्सक हो या नर्सिंग स्टाफ या फार्मासिस्ट या लैब टेक्नीशियन हो सभी मे बड़ी संख्या में तबादले जारी किए वही जब राजगढ़ सीएचसी पर लंबे समय से सोनोग्राफी की मशीन है और सोनोलॉजिस्ट नही तो इसकी कमी को क्यो पूरा नही किया गया आखिर कहा कमी रही चिकित्सा विभाग की आदर्श सीएचसी है जिले की लेकिन हालात जस के तस है।



### दवाईयो की अनुपलब्धता

सीएमचओ द्वारा जहाँ इमरजेंसी में चिकित्सक को लेकर ओर दवाइयों की उपलब्धता पर जोर दिया गया वही ओपीडी समय मे डॉ द्वारा लिखी गयी अधिकतर दवाइयां मरीजो को अंदर नही मिल पाती मरीज मनोहर और दिनेश ने बताया कि चिकित्सक को दिखाया वही अंदर एलर्जी की दवाइयां नही मिली अब बाहर से लेनी पड़ेगी वही कुछ मरीजो ने कहा कि अस्पताल समय पर कुछ चिकित्सकों की अधिकतर सीटें खाली रहती है

### निर्देशन में सिमट कर रह गया निरीक्षण

सीएमचओ डॉ योगेंद्र शर्मा ने राजगढ़ सीएचसी का जो निरीक्षण किया वो कहि ना कहि निर्देशन में सिमट कर रह गया अधिकतर इमरजेंसी की शिकायत आती है और उसके बावजूद इमरजेंसी की बैठक ली लेकिन उसमें में भी मरीज को कंपाउंडर पहले अटैंड करे मरीज चैक करे आवश्यक हो भर्ती करे ओर फिर विशेषज्ञ को बुलाकर दिखाया जाए उसे डॉ के क्वार्टर पर नही जाना पड़े इसको लेकर निर्देश दिए राजगढ़ सीएचसी में इमरजेंसी के हालात किसी से छुपे नही है यहाँ तक कि चिकित्सा विभाग भी अच्छी तरह वाकिब है कितनी बार मरीजो ने विभाग को शिकायत दी है

### आदर्श सीएचसी पर इमरजेंसी में कंपाउंडर की नही एक चिकित्सक की ड्यूटी लगाई जानी थी

राजगढ़ सीएचसी आदर्श सीएचसी है काफी संख्या में चिकित्सक उपलब्ध है तो सीएमएचओ द्वारा इमरजेंसी में रोस्टर के निर्देश दिए उसमे कंपाउंडर की जगह एक चिकित्सक की उपलब्धता निर्धारित की जानी चाहिए थी ताकि मरीज को तुरंत उपचार मिल सके और विशेषज्ञ चिकित्सक को बुलाने में लगने वाला समय भी बच सके और किसी भी प्रकार की हानि नही हो

### निरीक्षण से कितना प्रभाव पड़ेगा

सीएमएचओ डॉ योगेंद्र शर्मा के सीएचसी निरीक्षण से कितना प्रभाव पड़ेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है लेकिन मरीजो की परेशानी हल हो जाए उससे बेहतर क्या हो सकता है।

## गणतंत्र दिवस समारोह -2025 पर सुरक्षा की दृष्टि से इन्दिरा गांधी स्टेडियम का एंटीसर्बोटेज द्वारा किया चैक

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निसं)। गणतंत्र दिवस समारोह -2025 पर सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य समारोह स्थल सहित इन्दिरा गांधी स्टेडियम का एंटीसर्बोटेज द्वारा गुरुवार को चैक किया गया।जिला पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 के समारोह के मध्येनजर सुरक्षा की दृष्टि से गुरुवार को अलवर शहर में मुख्य समारोह स्थल इन्दिरा गांधी स्टेडियम का मेटल डिटेक्टर के साथ औचक निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान वृत्ताधिकारी वृत उत्तर अंगद शर्मा, रामेश्वर दयाल पु0नि0 थानाधिकारी थाना अरावली विहार, जिला विशेष शाखा की टीम मय एचएचएमडी व उपलब्ध उपकरणों सहित गहनता से जॉच व निरीक्षण किया जाकर एंटीसर्बोटेज चैक किया गया।

**आमजन से की अपील:**

गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा की दृष्टि से एसपी अलवर संजीव नैन ने समस्त जन साधारण से अपील की है कि किसी भी सार्वजनिक स्थान, सडक, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, पार्क, अथवा सिनेमा हाल इत्यादि में अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति या सदिग्ध लावारिस वस्तु जैसे रेडियों, पाकेट, ट्रॉजिस्ट, टेपरिकार्ड, ब्रीफकेस, थैला इत्यादि मिले या दिखाई दे तो उस वस्तु को न छुयें और न ही किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ करें। यह वस्तु बम भी हो सकती है, इसकी सूचना तुरन्त पुलिस कन्ट्रोल रूम या नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दें। वहीं इस संबंध में फोन नंबर भी जारी किए हैं। पुलिस कन्ट्रोल रूम-100, 2338200, 8764874042, 9829934822, थाना कोतवाली-2701755, 8764874001, थाना अरावली विहार-2336721, 8764874003, थाना शिवाजी पार्क- 2730099, 8764874002, थाना एनईबी-2738251, 8764874004 हैं।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं को मिला सम्मान

## कन्या भ्रूण हत्या अभिशाप है, इसे रोकने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिये - डॉ. मन्जू शर्मा

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(निसं)। जिला पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ की ओर से शुक्रवार को एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मन्जू शर्मा ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या अभिशाप है, इसे रोकने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिये। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज एएनएम का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकायें ही कल फील्ड में एएनएम का कार्य करेंगी, इसलिए उनकी जिम्मेदारी बनती है कि कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम के लिए कार्य करें। इस तरह के कार्य करने वाले लोगों की सूचना विभाग के टोल फ्री न बर 104/108 पर दें। कार्यक्रम के दौरान एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के ट्यूटर अनिल सुरेला ने कहा कि आज बालिकायें सभी क्षेत्र में सक्रियता से आगे आकर कार्य कर रही हैं, आज के समय में बेटे और बेटियों में अन्तर समाप्त हो रहा है, ऐसे में बेटियों को अच्छी शिक्षा के साथ आगे बढने के अच्छे अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इस दौरान जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक गफूर खान ने कहा कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत रूण लिंग परीक्षण




करने वालों, इस कार्य में सहयोग करने वाले लोगों को तीन से पांच साल की सजा व एक लाख रूपये का जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने के लिए मुखबिर योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत रूण लिंग परीक्षण की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाता है एवं तीन लाख रूपये तक का इनाम भी दिया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के लिए रंगोली, पोस्टर मैकिंग एवं नारा लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ती पत्र एवं मूमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की सहायक लेखाधिकारी गरिमा शर्मा, एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र का प्रिंसीपल सुरेन्द्र सिंह, ट्यूटर, रोशनलाल सैनी, संदीप यादव, कपिल खैरिया सहित एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र की बालिकायें उपस्थित रही।

इन्हें किया गया सम्मानित- रंगोली प्रतियोगिता में किरण व भावना को प्रथम, हिमांशी, मधु, बेनिका कंवर को द्वितीय, हेमा व मनीषा यादव को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता में जया, वर्षा मीणा व कोमल यादव को प्रथम, कोमल वर्मा को द्वितीय व पूजा कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रेरणा सिंह को प्रथम, अंजली यादव को द्वितीय व छोटी बाई को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

## कोई भी मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति है, मानसिक रोगी, मानसिक विकार, या मानसिक विकृति है तो ऐसा व्यक्ति समाज के लिए कलंक नहीं है-सोनी



### विधि महाविद्यालयों के लिए 'कनेक्टिंग विथ द कॉज' शीर्षक के तहत रील व लघु फिल्में बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जयपुर टाइम्स**

अलवर। बालिका दिवस के अवसर पर एवं नालसा द्वारा विधि महाविद्यालयों के लिए %कनेक्टिंग विथ द कॉज' शीर्षक के तहत रील व लघु फिल्में बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के सफल आयोजन के क्रम में शुक्रवार को सर्वप्रथम आईपीएसआर लॉ कॉलेज, रामगढ़ एवं तत्पश्चात् सनराईज यूनिवर्सिटी, अलवर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहनलाल सोनी अलवर एवं भावना अग्रवाल, प्रिंसिपल आईपीएसआर लॉ कॉलेज एवं हरिकांत मिश्रा, रजिस्ट्रार, सनराईज यूनिवर्सिटी तथा प्रवीण गोयल, प्रिंसीपल ऑफ लॉ फैकल्टी अलवर उपस्थित रहे। यह आयोजन राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला एवं सेशन न्यायाधीश अलवर हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नालसा थीम सोंग एक मुठ्ठी आसमां'' के द्वारा किया गया। श्री सोनी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विधि महाविद्यालयों के लिए %कनेक्टिंग विथ द कॉज' शीर्षक के तहत दिनांक 03.01.2025 को रील एवं लघु फिल्में बनाने की प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। जिसके तहत विधि छात्रों को नालसा की योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए रचनात्मकता और नवाचार के साथ कानूनी जागरूकता बढ़ाने के लिए रील और लघु फिल्मों के जरिए कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता हेतु नालसा (मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2024, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015, नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) योजना 2024 उक्त 3 स्कीम रखी गई हैं।

सोनी द्वारा बताया गया कि छात्र-छात्राओं द्वारा रील व लघु वीडियो के साथ-साथ पेंटिंग भी बनाई जा सकती है एवं रील की समयावधि 1.30 मिनट (90 सैकेण्ड) और लघु वीडियो की समयावधि 3 मिनट (180 सैकेण्ड) रहेगी तथा वीडियो की सामग्री विषय के अनुसार होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की अश्लील/अपमानजनक/राष्ट्र विरोधी/निंदाकारक/लोक नीति विरोधी/नैतिकता विरोधी सामग्री को शामिल नहीं किया जाएगा।

## बालिकाएं अपने लक्ष्य का निर्धारण कर, आत्मविश्वास के साथ मेहनत करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करें- जिला कलक्टर

### राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर एंपावरिंग अलवर गर्ल्सः डायलॉग विद डिस्ट्रिक कलक्टर थीम पर कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर टाइम्स**

अलवर।(निसं)। जिला कलक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने जिले में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं से बातचीत करते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ कडी मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। लक्ष्य प्राप्ति के दौरान बीच में मिलने वाली असफलताओं से सीख लेकर लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। जिला कलक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा एंपावरिंग अलवर गर्ल्स डायलॉग विद डिस्ट्रिक कलक्टर' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में जिले की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की टॉपर बालिकाओं



से संवाद करते हुए यह बात कही।उन्होंने कहा कि आप सभी यहां अपनी स्वयं की प्रतिभा के बल पर उपस्थित हुई है। आगामी 15 वर्ष में अनुकूल या प्रतिकूल परिस्थितियों में भी आप सभी अपनी काबिलियत के बल पर सर्वोच्च मुकाम हासिल कर सकती हैं।जिला कलक्टर ने बालिका स्वाति, प्रियंका, अंकिता, भूमिका, शिक्षक स्वाति शर्मा एवं बच्चियों के परिवारजनों द्वारा कैरियर गाइडेंस एवं आईएएस कैसे बना जाए इत्यादि प्रकार के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पहले अपने लक्ष्य का निर्धारण करें, तत्पश्चात अपने परिवारजनों, शिक्षकों व आइडियल से प्रेरणा लेकर कठोर मेहनत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति करें।

उन्होंने बालिकाओं के परिवारजनों से भी अपील की कि बच्चियों को अपनी शैक्षणिक प्रतिभा को निखारने का पूर्ण मौका दें, पढ़ाई के अलावा अन्य कार्य में ना लगाएं। जिला कलक्टर ने अपने जीवन के अनुभवों एवं आईएएस बनने की यात्रा के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत करवाते हुए सभी बालिकाओं की जिज्ञासाओं को सुनकर अपने सुझाव दिए।

**मेवात जयपुर टाइम्स**

जयपुर , शनिवार
25 जनवरी, 2025

# पी एम श्री राउमावि हिराणी में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

## विजय सिंह चौधरी राज्य मंत्री ने नव निर्मित कक्षा कक्षों का किया लोकार्पण

**जयपुर टाइम्स**

कुचामन सिटी(निसं)। कुचामन ब्लॉक के पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिराणी में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ विजय सिंह चौधरी राजस्व मंत्री द्वारा नव निर्मित कक्षा कक्षों का लोकार्पण कर कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। राजस्थान में प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में इस सत्र का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम दस जनवरी से 25 जनवरी तक राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है।

पी एम श्री विद्यालय के विद्यार्थियों को सत्र पर्यत विद्यालय की शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं उपलब्धियां जैसे उच्चतम अंक, श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम, विशिष्ट उपलब्धि, प्रतिभा विशेष, प्रतिभा प्रदर्शन इत्यादि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानाचार्य राजेंद्र मुवाल ने विद्यालय की वार्षिक कार्य योजना और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। पी एम श्री विद्यालय हिराणी में राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि सीबीईओ जगदीश राय तथा अध्यक्षता मदनलाल सोकल सरपंच ग्राम पंचायत हिराणी ने की। राज्य मंत्री चौधरी ने नव निर्मित कक्षा कक्षों का लोकार्पण करते हुए कहा कि राज्य सरकार की सभी तरह की योजनाएं



जन जन तक पहुंचने से जनता को लाभ मिलेगा। विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा दिए गए टेबलेट भी वितरित किए। वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में ग्राम पंचायत स्तर की प्रतिभाओ का सम्मान, समुदाय मैत्री, प्रतिभा प्रदर्शन राज्य स्तर, जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, भामाशाहों और दानदाताओं को चिन्हित कर विद्यालय में आमंत्रित करने हेतु उनसे संपर्क कर विद्यालय कार्यक्रम में आमंत्रित भी किया गया।राउमावि पीईईओ एवं प्रधानाचार्य राजेंद्र मुवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाओं को संबलन प्रदान करना और नवीन प्रतिभाओं को प्रेरणा प्रदान करना है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में आदर्श एवं गरिमा अनुकूल कलात्मक सृजनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे सामाजिक संदेश देने वाले नाटक, नुक्कड़ नाटक, ड्रामा, गीत, राजस्थानी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, प्रेरक प्रसंग, योग, एवं आसन इत्यादि की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ - साथ देशभक्ति से ओतप्रोत, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा यातायात नियम से संबंधी नृत्य प्रस्तुत कर छात्र छात्राओं ने मन मोहक प्रस्तुतियां दी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय ने कहा कि विद्यालय में प्रतिभाओं की कमी नहीं है राज्य सरकार और ग्रामीणों के सहयोग से शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधनों के पूर्ण करने की कोशिश की जा रही है। गत सत्रों में कक्षा स्तर पर उच्चतम स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य हिराणी अफरोज बेगम, उपप्राचार्य राउमावि भांवता मुन्नालाल रणवा, चैनाराम सारण, प्रभुसिंह, मुरलीधर शर्मा, जब्बर सिंह, श्रवण गुर्जर, श्रवण कुमावत, किशन गुर्जर, मोतीराम रैगर, बजरंगलाल,भगवान सहाय, गोपीराम, हीरालाल, सुनीता गहन, मधुबाला, अर्जुनलाल, किशनलाल, रूपाराम ,राजेंद्रकुमार, अल्पना, मंजू, मीनू, प्रियंका, रानू, सोहनलाल, तुलछीराम, हँसराज हीराराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन रूपाराम शेषमा और नरेंद्र सिंह भाटी ने किया।




## महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी में आर.पी. सूनावाला स्मृति व्याख्यान आयोजित

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं)। महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को डॉ. रुस्तम फिरोज़ सूनावाला स्मृति व्याख्यान आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. विक्रम पटेल (पूर्व प्रमुख, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) ने चिकित्सा सेवाओं में सुधार और समग्र चिकित्सा प्रणाली पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रोगी को शारीरिक और मानसिक दोनों बीमारियों का समग्र उपचार मिलना चाहिए। फैमिली फिजिशियन सिस्टम को दोबारा लागू करने और समाज के हर वर्ग तक समान उपचार पहुंचाने की आवश्यकता है। डॉ. पटेल ने बताया कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं पर जीडीपी का केवल 4त्न खर्च हो रहा है, जबकि अमेरिका में यह 18त्न है। प्राथमिक उपचार और स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया। यूनिवर्सिटी के फाउंडर चेयरमैन डॉ. एम.एल. स्वर्णकार ने यह कार्यक्रम पद्मश्री डॉ. आर.पी. सूनावाला के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया। उन्होंने जयपुर फर्टिलिटी सेंटर और मेडिकल कॉलेज की स्थापना में डॉ. सूनावाला की प्रेरणा को महत्वपूर्ण बताया। चेयरमैन डॉ. विकास चंद्र स्वर्णकार ने अस्पताल की किफायती और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं पर प्रकाश डाला। वाइस चांसलर डॉ. अचल गुलाटी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों और फैकल्टी को विशेषज्ञों के अनुभव से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए प्रसिद्ध चिकित्सकों और सूनावाला परिवार के सदस्यों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## जीनापुर रेलवे अंडर पास में भरा पानी आमजन लोगों के लिए बना जंजाल



**जयपुर टाइम्स**

सवाई माधोपुर(निसं) जिला मुख्यालय के जीनापुर रेलवे अंडरपास में पानी भरा है जिसको लेकर आए दिन लोग यहां से निकलते हैं। अंडरपास में लोग फिसल भी जाते हैं। इस दौरान बताया कि 3-4 दिन पूर्व हुई बारिश के बाद यहां पर अंडरपास में पानी भर गया है। लेकिन ठेकेदारों द्वारा नाही अंडरपास में से पानी निकाला गया है। यह अंडरपास पुराने शहर ,आलनपुर, हाउसिंग बोर्ड को जोड़ता हुआ जीनापुर से कोटा टोंक हाईवे पर मिलता है। जिससे लोगों का समय बचता है। इस अंडरपास से सैकड़ों की तादाद में लोग यहां से निकलते हैं। स्थानीय निवासी राकेश अग्रवाल, संजय गुप्ता, राजेश शर्मा आदि ने बताया कि रेलवे अधिकारियों व ठेकेदारों को अवगत करवाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मांग है कि जीनापुर अंडरपास में भरा पानी को खाली करवाया जावे। जिससे आमजन लोगों को यात्रा करने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## सांसद मन्नालाल रावत ने छत्तीसगढ़ उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात, पेसा कानून पर चर्चा

**जयपुर टाइम्स**

उदयपुर(निसं)। कोयला, खान और इस्पात संसदीय समिति के सदस्य और उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान पेसा कानून और जनजातीय विकास योजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। सांसद रावत ने राजस्थान के अनुभव साझा करते हुए बताया



कि पेसा कानून के तहत राज्यपाल के शक्तियों का उपयोग करके पांचवीं अनुसूची वाले राज्यों में विकास योजनाओं को प्रभावी किया जा सकता है, जिसका लाभ राजस्थान समेत अन्य जनजातीय क्षेत्रों को मिलेगा।इससे पहले, सांसद रावत ने संसदीय समिति के सदस्यों के साथ छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित विश्व की दूसरी सबसे बड़ी कोल माइन, गेवरा खदान का दौरा किया। खदान के दौरे के दौरान समिति के सदस्यों को खनन कार्यों, सुरक्षा उपायों और पर्यावरणीय संरक्षण के प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद समिति ने कोल इंडिया और एसईसीएल के अधिकारियों के साथ कोयला खदानों में सुरक्षा मुद्दों पर अनौपचारिक चर्चा की। सांसद रावत ने भिलाई स्टील प्लांट का भी दौरा किया और वहां ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि भिलाई स्टील प्लांट ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर और रेलवे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी-डा भरत सहारण

रावतसर(निसं)। शिक्षा के साथ संस्कार बहुत जरूरी है। आज के समय में शिक्षा है तो सबकुछ है। शिक्षा से ही व्यक्ति, परिवार,समाज और देश का विकास संभव है। शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा है। ऐसे में सभी परिजन अपनी संतानों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करें। यह बात राउमावि चवोणी मेघवालों की ढाणी में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में फिफ्टी विलेजर्स संस्थान निदेशक डॉ भरत सहारण ने कही। इस अवसर पर शिक्षक नेता हेमी चौधरी, अज़ीज़ प्रेमजी फाउंडेशन से आशिमा गुप्ता,व्याख्याता अचली चौधरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सरपंच टीकूराम गोदारा, युवा उद्यमी पेमाराम



पोटलिया, महंत हरीनाथ महाराज, लच्छाराम मेगवाल, चेतनराम मेगवाल, सुनीता कश्यप, सुरजीत सिंह पंवार, घमूराम चौहान, व्याख्याता नारायणराम, लैब टैक्नीशियन श्रवण गोदारा सहित ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जयश्री चौधरी और अध्यापक धन्नाराम चौहान ने किया।इस अवसर पर अध्यापक गंगाराम सेंवर और चन्द्रसिह पोटलिया का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया।

## रूक्मणि रियाड़ के निर्देशन में नगर निगम ग्रेटर की सतर्कता शाखा ने की कार्रवाई, 8 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं)। नगर निगम ग्रेटर की सतर्कता शाखा ने आयुक्त श्रीमती रूक्मणि रियाड़ के निर्देशानुसार शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 केन्टर सामान जब्त किया। यह कार्रवाई उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गई।सतर्कता टीम ने बी-2 बाईपास, द्वारकादास पार्क मध्यम मार्ग से विजय पथ मानसरोवर चौराहा, थड़ी मार्केट अग्रवाल फार्म मानसरोवर और विवेकानंद पार्क गोपालपुरा क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान 8 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को मौके पर समझाइश दी गई और मौखिक रूप से चेतावनी दी गई कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण तुरंत हटा लें। अन्यथा, नगर निगम ग्रेटर उनके खिलाफ भारी जुर्माना या सख्त कार्रवाई करेगा। आयुक्त रूक्मणि रियाड़ ने कहा कि नगर निगम का यह अभियान शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अतिक्रमण से बचें और शहर को सुंदर बनाए रखने में योगदान दें। सतर्कता टीम की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों ने मिली-जुली प्रतिक्रियाएं दी हैं। कुछ लोगों ने इसे सही ठहराया, जबकि कुछ ने इस पर असंतोष व्यक्त किया। नगर निगम ग्रेटर का यह कदम अवैध अतिक्रमण पर सख्ती के संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने देश के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 25 जनवरी पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।राज्यपाल बागडे ने कहा है कि लोकतंत्र में मतदाता ही राष्ट का भाग्य विधाता होता है। उन्होंने मतदाता दिवस को मतदान जागरूकता पर्व बताते हुए कहा कि इस दिन हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि मतदान से कोई पात्र वंचित नहीं रहे। लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी है। मतदान दिवस इसी सोच के लिए हमें जागरूक करता है।

## गीतांजली हॉस्पिटल में जटिल ऑपरेशन से माँ और नवजात को नया जीवन

**जयपुर टाइम्स**

उदयपुर(निसं)। भीलवाड़ा निवासी एक दंपत्ति ने गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के चलते गीतांजली हॉस्पिटल में संपर्क किया। गर्भवती महिला का रक्तचाप 220/160 तक पहुँच गया था, जिसके कारण स्थानीय डॉक्टरों ने तुरंत गीतांजली हॉस्पिटल में उपचार की सलाह दी। यहाँ पहुँचने पर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ऑपरेशन करने का निर्णय लिया।

रोगी का इलाज करने वाली टीम में पीडियाट्रिक सर्जन डॉ अपूर्व सिंह, नोनटोलॉजिस्ट डॉ सुशील गुप्ता, प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ भामिनी जाखेटिया, एनेस्थीसिया टीम, ओ.टी. व एनआईसीयू स्टाफ के अनवरत प्रयासों से जच्चा व बच्चा का इलाज किया गया।

डॉ. भामिनी जाखेटिया ने बताया कि महिला के गर्भ को 7 माह पूरे हो चुके थे, लेकिन अत्यधिक बढ़े हुए रक्तचाप के कारण कई गंभीर जटिलताएं उत्पन्न हो गई थीं। रोगी असहनीय सिरदर्द से पीड़ित थी, जो बढ़े हुए रक्तचाप का परिणाम था। महिला की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन माँ और नवजात, दोनों के लिए अत्यधिक जोखिमपूर्ण था, लेकिन इसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

जन्म के बाद नवजात का वजन मात्र 900 ग्राम था और उसे तुरंत



वेंटिलेटर पर रखा गया। नवजात विशेषज्ञ डॉ. सुशील गुप्ता और उनकी टीम ने बच्चे का उपचार प्रारंभ किया। जन्म के एक सप्ताह बाद नवजात को पेट संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हुईं। जाँच में यह पाया गया कि बच्चे को %मेकोनियम आइलस% नामक बीमारी है, जिसमें मल सख्त हो जाता है और उसका निष्कासन संभव नहीं होता। पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अपूर्व ने बच्चे की आंत में सर्जरी कर अवरोध को दूर किया और पेट में स्तोमा बनाकर एनआईसीयू में उसकी देखभाल की। चूँकि बच्चा बहुत कम वजन का था, उसे एनआईसीयू में स्टोमा फीड्स के जरिए पोषण दिया गया। जब बच्चे का वजन 2.5 किलो हो गया, तब डॉ. अपूर्व की टीम ने स्टोमा बंद करने के लिए दूसरी सफल सर्जरी की गयी।

डॉ. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में बच्चे का पोस्ट ऑपरेटिव उपचार किया गया। नवजात को संपूर्ण पोषण प्रदान किया गया, और उसकी आँखों, कानों, मस्तिष्क तथा अन्य अंगों का परीक्षण किया गया। वर्तमान में बच्चा स्वस्थ है, माँ का दूध ले रहा है और उसका वजन भी बढ़ रहा है।दस वर्षों के लंबे इंतजार के बाद माता-पिता बनने वाले दंपत्ति ने गीतांजली हॉस्पिटल के डॉक्टरों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है।

गीतांजली हॉस्पिटल का बाल एवं शिशु रोग विभाग, नवजात से लेकर बड़े बच्चों तक की जटिल से जटिल सर्जरी के लिए सक्षम है। यहाँ एनआईसीयू और पीआईसीयू की अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जो रोगियों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती हैं।

## देवनानी की पहल पर राजस्थान विधानसभा में राष्ट्रीय पर्यावरण विषय पर दो दिवसीय युवा संसद का आयोजन




**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर शुक्रवार को विधानसभा में राष्ट्रीय पर्यावरण विषय पर दो दिवसीय युवा संसद का शुभारंभ हुआ। देवनानी ने विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों से आए 200 से अधिक युवाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, सुरक्षित और हरित भविष्य के लिए देश के युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध होकर कार्य करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि पर्यावरण सुरक्षा पर चर्चा के साथ क्रियान्वयन के लिए ब्लू प्रिंट तैयार किया जाए। देवनानी ने जल, प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति प्रेम और उनके संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत, जल सहेली और टिकाऊ जल प्रबंधन जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए युवाओं से इन प्रयासों से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर वायु एवं महाकुंभ - एक जादुई सांस्कृतिक यात्रा पुस्तक का विमोचन भी किया गया। पुस्तक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन की शिक्षा दी गई है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं और देशभर से आए युवाओं ने भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह आयोजन युवा शक्ति को पर्यावरण और लोकतंत्र से जोड़ने का एक ऐतिहासिक कदम है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर श्री देवनानी की शुभकामनाएं

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री देवनानी ने कहा है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोगों में मतदान के प्रति भावना विकसित करने का अनुपम प्रयास है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता को मतदान करने का अधिकार है। प्रदेश के सभी मतदाताओं को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए। देवनानी ने युवा मतदाताओं से आव्हान किया कि वे देश में लोकतंत्र को सुदृढ करने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। सभी मतदाताओं की भागीदारी से ही लोकतंत्र की वास्तविक संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

## कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर समस्तीपुर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी



**जयपुर टाइम्स**

समस्तीपुर (कासं)। जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती के अवसर पर बिहार के समस्तीपुर जिले के कर्पूरी ग्राम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अपनी माताजी की स्मृति में गोखुल कर्पूरी फुलेश्वरी डिग्री कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया।

उन्होंने कर्पूरी ठाकुर को ÷दिलों का नेता÷ बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने इस अवसर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन और आदर्शों को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और सेवा का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम उनके सपनों का भारत बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर राज्यसभा उपसभापति हरिवंश सिंह, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कर्पूरी ठाकुर की उपलब्धियों और उनके योगदान पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने सराहा। कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम ने समाज के सभी वर्गों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

संपादकीय .....

## अमेरिका में अवैध रूप से रहे भारतीयों की वापसी की तैयारी

भारतीय विदेश मंत्री ने अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों की वापसी के लिए तैयार रहने की बात कहकर वही किया, जो उन्हें करना चाहिए था। यदि अमेरिका अपने यहां अवैध रूप से आए लोगों को वापस करने का फैसला करता है तो भारत को अपने नागरिकों को लेने के लिए तैयार रहना चाहिए, लेकिन केवल इतने से ही बात नहीं बनने वाली।

जहां अमेरिका की यह जिम्मेदारी है कि भारतीय नागरिक उसके यहां न तो अवैध रूप से प्रवेश करने पाएं और न ही उत्पीड़न की झूठी शिकायतों के आधार पर शरण पाने पाएं, वहीं भारत को यह देखना होगा कि जो लोग अवैध तरीके से अमेरिका जाते हैं, उन पर लगाम लगे। इसलिए लगे, क्योंकि चोरी-छिपे वहां जाने वाले देश की बदनामी कराते हैं और उन भारतीयों की छवि भी खराब करते हैं, जो वैध तरीके से वहां गए हैं।

भारत सरकार इससे अपरिचित नहीं हो सकती कि अमेरिका जाने की ललक में अवैध तरीके अपनाने वाले लोग ठगी का शिकार होते हैं-कुछ भारत में और कुछ अमेरिका के पड़ोसी देशों में। कई मामले ऐसे आए हैं, जिनमें अमेरिका या यूरोप जाने की कोशिश में लोगों ने अपनी सारी जमा-पूंजी गंवा दी और फिर भी वहां नहीं पहुंच पाए। कुछ तो अपनी जान से ही हाथ धो बैठे, क्योंकि वे डंकी रूट कहे जाने वाले बेहद खतरनाक रास्तों से अमेरिका जाने की कोशिश कर रहे थे।

भारत सरकार को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि पंजाब, हरियाणा, गुजरात आदि में लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले गिरोह सक्रिय हैं। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप का वीजा और वहां नौकरी दिलाने का फर्जी दावा करने वालों ने बाकायदा अपनी दुकानें खोल रखी हैं। ये ठगी की दुकानें हैं, लेकिन राज्य सरकारें उनके खिलाफ वांछित कार्रवाई नहीं करतीं।

भारत सरकार को ऐसे राज्यों को आवश्यक निर्देश देने चाहिए। इसके साथ ही ऐसी व्यवस्था भी करनी चाहिए, जिससे लोग वैध और सुरक्षित तरीके से विदेश जा सकें। यदि सरकारी एजेंसियां इसमें सहायक बन जाएं तो विदेश में नौकरी का लालच देकर ठगी करने वाले स्वतः हतोत्साहित होंगे।

भारत को इसके प्रति भी सतर्क रहना होगा कि ट्रंप प्रशासन की नई नागरिकता नीति से कहीं वे भारतीय दंपती संकट का सामना न करने पाएं, जो अमेरिका गए तो वैध तरीके से हैं, लेकिन उनके पास वहां की नागरिकता या ग्रीन कार्ड नहीं है। इनमें अधिकांश एच-1बी वीजा धारक हैं।

ट्रंप ने घोषणा की है कि 20 फरवरी के बाद ऐसे दंपतियों की संतानों को नागरिकता देने की सुविधा खत्म कर दी जाएगी। भारत को अमेरिका को यह बताना होगा कि इस नीति से वही घाटे में रहेगा। इस पर हैरानी नहीं कि खुद अमेरिका में ट्रंप की नई नागरिकता नीति का विरोध हो रहा है।

## जनवरी में दीपावली मनाता जनजातीय ग्राम मेंढापानी



भारतीय पशुधन प्रेम अद्भुत कथा है यह! सौ प्रतिशत जनजातीय एवं अनुसूचित जाति की जनसंख्या वाले मेंढापानी ग्राम (बैतूल) की यह कथा अविश्वसनीय भी है! अविश्वनीय इसलिए, कि अपने देश के जनजातीय बंधु, अपने होली-दीपावली के पर्वों से किसी प्रकार का समझौता नहीं करते। वे अपने इन उत्सवों को डूबकर, रसमय होकर मनाते हैं और इन त्योहारों को जीते हैं। ये जनजातीय त्यौहारों को स्वयं में समाहित कर लेते हैं।

वैसे तो देश भर में जनजातीय समाज का दीपावली उत्सव बड़ा ही विशिष्ट व उल्लेखनीय होता है किंतु गोंडवाना के जनजातीय समाज की दीपावली का तो कहना ही क्या!! इनके जीवन में दीपावली व होली का त्यौहार केवल आता नहीं है, आकर ठहर जाता है! इनके चौक, चौपालों, खारी, ढानी, बाजारों, टोलों, टपरों, मठ, मुठिया, मेलों, ग्रामों में और, उससे भी बढ़कर इनके हृदय में दीपावली ठहर जाती है! हाँ, ये वनवासी बंधु, त्योहारों को हृदय में धारते हैं और उसे उतार लेते हैं अपने अन्तर्तम तक। होली, दीवाली को मनस्थ और तनस्थ कर लेने का ही प्रभाव होता है कि बैतूल जिले का जनजातीय समाज एक मास तक इन त्योहारों को सतत मनाता ही रहता है। इस मध्य वह कोई काम नहीं करना चाहता। इस मध्य उसे आप कितनी भी अधिक मजदूरी का, वेतन का लालच दे दो; वह नहीं आयेगा काम पर! इनकी होली, दीवाली केवल अपने ही परिवार में, मोहल्ले में या ग्राम में नहीं मनती है। ये जनजातीय बंधु, उस क्षेत्र में स्थित प्रत्येक ग्राम में एक दूसरे के गाँव में जाकर घर में रात्रि विश्राम करके ही दीवाली मनाते हैं। सभी एक दूसरे के गाँव में जाते हैं और भव्य आतिथ्य का आनंद लेते हैं।

तो आते हैं, बैतूल जिले के एक विशुद्ध जनजातीय व अनुसूचित जाति वाले गाँव, मेंढापानी की कहानी पर। मेंढापानी में लगभग तीन सौ पचास घर हैं, सभी घर या तो जनजातीय बंधुओं के हैं या अनुसूचित जाति बंधुओं के। दोनों की जीवन शैली लगभग वनवासी ही है।

लगभग तीन वर्ष पूर्व कोविड महामारी के दिनों के आसपास ही भारत के कुछ प्रदेशों में पशुधन को लंपी वायरस नामक एक बीमारी ने घेर लिया था। बैतूल में भी एक सौ चौबीस ग्रामों में यह बीमारी फेल गई थी। हजारों गाय, बैल, भैंसों को लंपी वायरस ने अपना शिकार बना लिया था। इन्हीं दिनों में मेंढापनी में भी सैकड़ों गाय, बेल, भैंस आदि पशु लंपी से ग्रसित होकर गोलोकवासी हो गए थे। वह दीपावली के एन पूर्व का सितंबर का माह था; वर्ष था, 2022! मेंढापानी के निवासी अपने प्रिय पशुधन के असमय व बड़ी संख्या में निधन से इतने दुखी हुए कि इन्होंने अपने सबसे बड़े, सबसे प्रिय, सबसे सुंदर त्यौहार दीपावली को ही त्याग दिया। जब आसपास के ग्रामवासियों को यह बात पता चली तो पंचायत बैठी और पंचायत ने, शोकग्रस्त मेंढापानी वासियों से दीपावली मनाने का आग्रह किया। तब तक जनवरी, 2023 आ चुका था। इस प्रकार, अक्टूबर-नवंबर की दीपावली मेंढापानी में पहली बार जनवरी में मनाई गई। लंपी वायरस के विदा होने पर ही जनवरी, 2023 में मेंढापनी निवासियों ने दीपावली मनाई थी। अपने दिवंगत पशुधन के प्रति मेंढापानी के ग्रामीण बंधुओं का शोक यहाँ भी रुका नहीं, उन्होंने तीन वर्षों तक उनका प्रियतम दीपावली का पर्व जनवरी में मनाने का निर्णय लिया। अपने दिवंगत पशुधन के प्रति शोक प्रकट करने का उनका यह अपना तरीका था।

यह अंतिम वर्ष था जब मेंढापानी निवासियों ने दीपावली का पर्व कार्तिक मास में न मनाकर, जनवरी में मनाया था। इस वर्ष मेंढापानी के ग्रामवासियों के आग्रह पर उनकी इस जनवरी माह वाली दीपावली में सम्मिलित होने का अवसर मुझे भी मिला। आड़ा-टेढ़ा, जैसा भी सही पर इन वनवासी बंधुओं के साथ नृत्य करने में मुझे भी बड़ा आनंद आया। मेंढापानी के निवासियों संग चाय पर चर्चा भी हुई और उनके संग सहभोज का भागी भी बना! बड़ा ही अद्भुत, उमंग, उल्लास व उत्साह से भरा वातावरण था समूचे गाँव का। भले ही छोटे-छोटे घर-आँगन होंगे मेंढापानी के निवासियों के, किंतु उनके दिल के जैसे ही, घर में भी लोग समाते ही चले जा रहे थे। एक-एक घर में तीस-तीस चालीस-चालीस मेहमान थे। प्रत्येक घर के सामने आठ-दस बाइक्स तो अनिवार्य रूप से खड़ी ही थी। किसी भी मोटरसाइकिल पर तीन से कम लोग तो आए ही नहीं थे। फटफटी पर चार लोगों को बैठा लेना तो इन ग्रामीणों के लिए बड़ी ही सामान्य सी बात है। पूरा गांव मेले के वातावरण में, गीत, संगीत, नृत्य, चाय-पानी, भोजन के क्रम में डूबा हुआ सा और सराबोर सा झूम रहा था। बस एक कमी खल रही थी कि यहाँ वहाँ ऊँचे स्वर में बजने वाले संगीत में उनके अपने जनजातीय गीत और नृत्य ग़ायब थे। फिल्मी गीतों और डीजे के शोर ने पारंपरिक गीतों व नृत्य के स्वरों को दबा दिया था। यह दुखद लगा। शेष सभी कुछ बड़ा ही आनंदित कर देने वाला था! युवक युवतियां तो अपनी झूम में थे ही, बड़े और वृद्ध भी अपने पूरे रंग में दिख रहे थे। सभी ने एक से एक रंग बिरंगे, चटकीले रंगों वाले कपड़े पहने हुए थे। युवक-युवतियों के माथे पर डिस्को इलेक्ट्रानिक बल्बों से जलने वाले बकल झिलमिला रहे थे। इन रंगीन लाइटिंग में उनके चेहरे के साज सिंगार को और अधिक चमक और उत्साह मिल रहा था। युवक-युवतियाँ संग-संग हाथों में हाथ थामे घूम रहे थे, नाच रहे थे। निश्चित ही मेंढापानी में इस मेले के दिन पच्चीस-पचास रिश्ते तो तय हुए ही होंगे।

मुझे अपने मध्य पाकर ग्रामवासी बड़े ही प्रसन्न हुए, उन्होंने बड़े ही हृदय से स्वागत किया। मैंने भी अवसर छोड़ा नहीं और बहुतेरी बातें की। उनसे आग्रह किया कि अगले वर्ष दीपावली कार्तिक मास में ही मनाएँ और फिल्मी गानों और डीजे के स्थान पर पारंपरिक गीत व नृत्य को ही थामें रहें। गौवंश के प्रतु, पशुधन के प्रति, इन भोले भाले ग्रामीणों का प्रेम और श्रद्धा यूँ ही बनी रहे, यही कामना..

– प्रवीण गुगनानी

समसामयिक

## जेल से चुनाव, ताहिर हुसैन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला



दिल्ली दंगे के आरोपित ताहिर हुसैन की ओर से चुनाव लड़ने के लिए जमानत की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने यह सही कहा कि ऐसे लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक लगनी चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा तब तक संभव नहीं, जब तक मौजूदा कानून में बदलाव नहीं होता। इस बदलाव के लिए सरकार को पहल करनी होगी और उसे राजनीतिक दलों का समर्थन करना होगा।

कहना कठिन है कि सभी राजनीतिक दल उस कानून को बदलने के लिए तैयार होते हैं या नहीं, जो जेल में बंद लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति देता है। यह अनुमति इस मान्यता के आधार पर मिली हुई है कि दोष सिद्ध न होने तक हर व्यक्ति निर्दोष है। इसके चलते ही कई लोग जेल में बंद होने के बाद भी चुनाव लड़ते हैं और चुनाव प्रचार के लिए जमानत की मांग करते हैं।

इनमें वे भी होते हैं, जो गंभीर अपराध के आरोप में जेल में बंद होते हैं। विडंबना यह है कि ऐसे कई लोग चुनाव जीत भी जाते हैं, क्योंकि वे जाति, पंथ, क्षेत्र के नाम पर या फिर अपनी बेगुनाही का रोना रोकर लोगों की भावनाओं को भुनाने में समर्थ हो जाते हैं। होना तो यह चाहिए कि मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चयन परिपक्वता से करें, लेकिन कई बार ऐसा नहीं होता।

इसका प्रमाण तब मिला था, जब पिछले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह ने पंजाब की खडूर साहिब सीट से जीत हासिल कर ली थी। इसी तरह टेरर फंडिंग में तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट से चुनाव जीत लिया था। इसके बाद विधानसभा चुनाव में उसे इस आधार पर चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिल गई थी कि वह अपने दल का प्रमुख है।

इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि जेल में बंद लोगों को मतदान करने की अनुमति तो नहीं होती, लेकिन वे चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र होते हैं। चुनाव लड़ने के लिए जमानत मांग रहे ताहिर हुसैन पर हिंसा भड़काने के बेहद गंभीर आरोप हैं, लेकिन इससे सांसद असदुद्दीन ओवैसी पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

उन्होंने सब कुछ जानते हुए भी उसे अपने दल से दिल्ली विधानसभा का उम्मीदवार बना दिया। यह समझा जाना चाहिए कि आतंक, अलगाव, दंगे और हत्या सरीखे गंभीर अपराध में लिप्त होने के आरोपितों को जेल में बंद होने के बाद भी चुनाव लड़ने की छूट मिलने से भारतीय लोकतंत्र का मान नहीं बढ़ता।

इससे तो राजनीति के अपराधीकरण को ही बल मिलता है। उचित यह होगा कि संगीन आरोपों में जेल में बंद लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाए। निःसंदेह बंदियों के भी कुछ अधिकार होते हैं, लेकिन उनके लिए चुनाव लड़ने को मौलिक अधिकार बना देना बिल्कुल भी ठीक नहीं।

कहना कठिन है कि सभी राजनीतिक दल उस कानून को बदलने के लिए तैयार होते हैं या नहीं, जो जेल में बंद लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति देता है। यह अनुमति इस मान्यता के आधार पर मिली हुई है कि दोष सिद्ध न होने तक हर व्यक्ति निर्दोष है। इसके चलते ही कई लोग जेल में बंद होने के बाद भी चुनाव लड़ते हैं और चुनाव प्रचार के लिए जमानत की मांग करते है।

इनमें वे भी होते हैं, जो गंभीर अपराध के आरोप में जेल में बंद होते हैं। विडंबना यह है कि ऐसे कई लोग चुनाव जीत भी जाते हैं, क्योंकि वे जाति, पंथ, क्षेत्र के नाम पर या फिर अपनी बेगुनाही का रोना रोकर लोगों की भावनाओं को भुनाने में समर्थ हो जाते हैं। होना तो यह चाहिए कि मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चयन परिपक्वता से करें, लेकिन कई बार ऐसा नहीं होता।

शख्सियत

## सुरों की साधना करते थे भीमसेन जोशी, महज 11 साल की उम्र में छोड़ दिया था घर



भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में बड़े नामों में शामिल पंडित भीमसेन जोशी का 24 जनवरी को निधन हो गया था। सुरों की साधना करने वाले पंडित जोशी कला के प्रति खुद को समर्पित कर दिया था। उनको देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया गया था। कला जगत के अलावा पूरी इंसानियत के लिए पंडित जोशी की जिंदगी प्रेरक है। उनके परिवार में कोई भी संगीत से नहीं जुड़ा था। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर पंडित भीमसेन जोशी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और परिवार

कर्नाटक के गड़ग में 04 फरवरी 1922 को भीमसेन जोशी का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम गुरुराज जोशी अंग्रेजी, कन्नड़ और संस्कृत के विद्वान थे। उनके परिवार में कोई भी संगीत से जुड़ा नहीं था। उन्होंने महज 19 साल की उम्र में पहली बार संगीत की प्रस्तुति दी थी। शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में पंडित जोशी का योगदान बेहद अहम था।

### संगीत की शिक्षा

बता दें कि पंडित जोशी बचपन से ही गायन का शौक रखते थे। वह स्कूल से लौटने के बाद एक ट्रांजिस्टर की दुकान पर बैठ जाते थे, वहीं पर ट्रांजिस्टर पर बजते रिकॉर्ड को सुनकर गाने का प्रयास करते थे। दुकानदार ने इस बात की जानकारी उनके पिता को दी थी कि उनका बेटा बहुत अच्छा गाना गाता है। बताया जाता है कि 11 साल की उम्र में पंडित जोशी गुरु की खोज में घर छोड़कर चले गए थे। इस दौरान उन्होंने सवाई गंधर्व से संगीत की शिक्षा ली थी। जब वह सवाई गंधर्व के पास संगीत की शिक्षा लेने गए, तो सवाई गंधर्व ने उनसे कहा कि वह संगीत सिखाएंगे, लेकिन इससे पहले तुमने जो भी सीखा है, वह तुम्हें भूलना होगा। इस बात की स्वीकृति मिलने के बाद ही सवाई गंधर्व ने उनको संगीत की शिक्षा दी।

### संगीत की पहली प्रस्तुति

महज 19 साल की उम्र में पंडित भीमसेन जोशी ने पहली संगीत की प्रस्तुति दी थी। फिर वह बतौर रेडियो कलाकार मुंबई में काम करने लगे थे। फिर 20 साल की उम्र में उनका पहला एल्बम रिलीज हुआ था। पंडित जोशी ने कई फिल्मों के लिए भी गाने गाए। उनको पूरिया, दरबारी, भोगी, मालकौंस, ललित, तोड़ी, भीमपलासी, यमन और शुद्ध कल्याण आदि राम पसंद थे। पंडित जोशी की अद्भुत प्रतिभा की वजह से उनको पद्म भूषण और पद्म विभूषण जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। वहीं साल 2008 में पंडित जोशी को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया था।

### मृत्यु

वहीं 24 जनवरी 2011 को पंडित भीमसेन जोशी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।



# आराध्या की परवरिश को लेकर बोले अभिषेक बच्चन

बेटी की परवरिश और अपने निजी जीवन को लेकर अभिषेक बच्चन ने बात की है। उन्होंने कहा कि माता पिता हमेशा सबसे अच्छे शिक्षक हों जरूरी नहीं है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने पैरेंटिंग को लेकर अपना दृष्टिकोण पर विचार साझा किया। साथ ही उन्होंने युवा पीढ़ी की बदलती मानसिकता पर भी अपने विचार बताए। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि माता-पिता सबसे अच्छे शिक्षक हैं या नहीं। मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मुझे लगता है कि हमारी भावनाएं आड़े आती हैं। हमारे बच्चों की यह इच्छा कि वे सब कुछ सही करें और सफल हों और खुद को चोट न पहुंचाएं ऐसा नहीं हो सकता। हम अपने बच्चों के लिए जो सोचते हैं, उससे उन्हें भी नुकसान पहुंच सकता है।

## माता-पिता से सीख मिली

अभिषेक बच्चन ने कहा कि मैंने अपने माता-पिता से जो कुछ भी सीखा उसे समझा। वह उनके व्यवहार को देखकर है, जरूरी नहीं कि उन्होंने मुझे जो बताया है, उससे ही सीखा है।फ़ अभिषेक बच्चन ने कहा कि मेरे माता पिता ने हमेशा मुझे अपने फैसले खुद लेने की स्वतंत्रता दी। मैं खुद ये सोचता हूं, कि अगर परिस्थिति में मेरे पापा होते तो क्या करते। उसी हिसाब से मैं भी चीजें करता हूं।

## परवरिश के लेकर बोले अभिषेक

आराध्या की परवरिश को लेकर अभिषेक ने कहा, मुझे लगता है कि आज की जनरेशन वाकई बहुत अलग है। उन्हें किसी भी तरह की पहले से चली आ रही चीजों को जरूरी समझने की जरूरत नहीं है, जैसे हम करते आ रहे हैं। उन्हें लगता है कि वे ये काम बस इसलिए नहीं कर सकते कि उनके माता पिता ने ये काम नहीं किया या मना किया। वे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि अगर माता पिता हैं, या कोई उम्र में बड़ा है तो जरूरी नहीं कि वह सही सलाह दे या हर बात का सही जवाब ही दें।

## इस फिल्म में नजर आए अभिषेक बच्चन

वर्कफंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन को हाल ही में आई फिल्म आई वांट टू टॉक में देखा गया। हालांकि, यह फिल्म फैंस पर अपना कुछ खास जादू नहीं चला सकी थी। आई वांट टू टॉक अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। इसकी घोषणा खुद सुजीत सरकार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की।



# फिल्म धूम धाम में प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं यामी गौतम

**प्यार, हंसी और शादी की रस्मों से सजी फिल्म धूम धाम ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में यामी गौतम प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन ऋषभ सेठ ने किया है। फिल्म का प्रोडक्शन आदित्य धर और लोकेश धर ने किया है। फिल्म 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने वाली है।**



## ऐसी है फिल्म की कहानी

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की जोड़ी को फिल्म में देखा जाने वाला है। ये कहानी है कोयल और वीर की। वीर एक मम्मा बॉय है जो कि एक एनिमल डॉक्टर भी है। वहीं, यामी गौतम के किरदार कोयल चुलबुली सी लड़की है। फिल्म का टीजर आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ है। इसमें कोयल और वीर की लव स्टोरी में ड्रामा और कॉमेडी की मिली जुली झलक दिखाई दे रही है। फिल्म को लेकर आदित्य धर ने कहा कि वह कुछ अलग और मनोरंजक बनाना चाहते थे। जहां हंसी, एक्शन और रोमांस शामिल हो। फिल्म में फैंस को यामी और प्रतीक की जोड़ी देखने को मिलने वाली है।

## इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म धूम धाम ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। ओरिजन फिल्म की निर्देशक रुचिका कपूर शेख ने कहा, धूम धाम एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जो शादी के दिन कुछ अलग सी ही चीजें लेकर आता है। इस फिल्म के जरिए हम अपने दर्शकों का मनोरंजन कर सकेंगे।



# बॉलीवुड में करियर बनाना चाहते हैं यशवर्धन

बॉलीवुड स्टार किड्स का फिल्मों में आना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने फिल्म आजाद के जरिए अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन फिल्म में राशा का डांस और अभिनय प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। वहीं अब गोविंदा के बेटे यशवर्धन भी बॉलीवुड फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं।

गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा और बाबिल एक फिल्म में साथ काम सकते हैं। कथित तौर पर यशवर्धन आहूजा, साई राजेश द्वारा निर्देशित आगामी अनाम रोमांटिक ड्रामा में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में एक और स्टार किड भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ सकता है। दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान हैं।

## पिता के नक्शेकदम पर यशवर्धन

दरअसल, कथित तौर पर फिल्म निर्माता अपनी रोमांटिक फिल्म के लिए नए चेहरा चाहते हैं, जिसके चलते बाबिल खान और यशवर्धन आहूजा को कास्ट करने की योजना बनाई जा रही है। अल्लू अरविंद और एसकेएन फिल्म्स के सहयोग से मधु मंटेना द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन साई राजेश करेंगे, जो कलर फोटो, हृदय कलेयम और बेबी जैसी बेहतरीन तमिल फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं।

# धूम 4 की स्टार कास्ट फाइनल? अभिषेक बच्चन को विक्की कौशल ने किया रिप्लेस

बॉलीवुड की एक्शन ड्रामा फिल्म धूम 4 को लेकर अटकलें लगाई जा रही है कि इस फिल्म में नई स्टार कास्ट को फाइल कर लिया है। अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा के रोल में कथित तौर पर इस बार बॉलीवुड के ये स्टार्स नजर आएंगे। धूम 4 में विक्की कौशल इस फ्रैंचाइजी में शामिल हो सकते हैं और अभिषेक की जगह ले सकते हैं। धूम 4 में रणबीर कपूर मुख्य खलनायक की भूमिका में होंगे। हालांकि जूनियर बच्चन की जगह कोई और ले सकता है, लेकिन उदय चोपड़ा की जगह कौन ले सकता है? मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्की कौशल ने वाईआरएफ के प्रमुख आदित्य चोपड़ा से मुलाकात की, जिन्होंने अभिनेता को दो प्रोजेक्ट्स में कास्ट करने के लिए कहा है, जिनमें से एक धूम 4 है। विक्की को अभिषेक बच्चन (एसीपी जय दीक्षित) की पुलिस वाले की भूमिका मिलेगी। धूम 4 के अलावा, विक्की को आलिया भट्ट की अल्फा में भी देखा जा सकता है। बहरहाल, अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



# हॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्रियों के बराबर हैं बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश अदाकारा मौनी रॉय

मौनी रॉय को भारत की सबसे स्टाइलिश स्टार्स में से एक के रूप में तेज़ी से उभरना सरप्राइज से कम नहीं है। प्रेस इवेंट में चमकदार उपस्थिति से लेकर लंदन फैशन वीक में धूम मचाने और यहां तक कि इबीसा में आकर्षक हॉलिडे लुक पेश करने तक, मौनी की फैशन यात्रा ग्लोबल ट्रेंड और व्यक्तिगत आकर्षण का एक बेहतरीन मिश्रण दर्शाती है। जो चीज़ उन्हें अपने कई समकालीनों से अलग करती है, वह अपने विशिष्ट, फैशन-फ़ॉरवर्ड सौंदर्य के प्रति सच्चे रहते हुए सहजता से हॉलीवुड-स्तर के ग्लैमर को प्रसारित करने की उनकी क्षमता है। चाहे वह बोल्ड मोनोक्रोम सूट, रॉकिंग स्ट्रक्चर्ड कॉउचर गाउन, या जीवंत वेकेशन वियर को अपनाना हो, मौनी की पोशाक पसंद हमेशा सही केंद्र पर होती है। विस्तार पर उनकी पैनी नज़र, त्रुटिहीन एक्सेसरीज़ का चयन, और क्या काम करता है इसकी सहज समझ उन्हें हर जगह महिलाओं के लिए स्टाइल प्रेरणा बनाती है।


**सहज फैशन** - मौनी रॉय की फैशन पसंद सोफ़ेस्टिकेशन, टाइमलेस और कॉन्टेंप्रोरी स्वभाव के बीच एक आदर्श संतुलन दर्शाती है। चाहे वह रेड कार्पेट इवेंट हो या इबीसा में छुट्टी पर एक आकस्मिक दिन, उनका लुक शानदार, ठाठदार और हमेशा अंतरराष्ट्रीय रुझानों के साथ तालमेल में होता है, जो उन्हें अपने साथियों के बीच अलग बनाता है।

**हॉलीवुड आइकॉन के बराबर रेड कार्पेट ग्लैमर** - कान्स के ग्लैमर को उजागर करने वाले शानदार गाउन से लेकर हॉलीवुड के सर्वश्रेष्ठ संरचित एलबीडी तक, मौनी की रेड कार्पेट उपस्थिति अनुग्रह और शिष्टता में एक मास्टरक्लास होते है। वह सुनिश्चित करती हैं कि उनका लुक विश्व स्तर पर प्रासंगिक और इंस्टाग्राम-योग्य हो।

**रुझानों के प्रति एक साहसी दृष्टिकोण** - हॉलीवुड के ट्रेंडसेटरों की तरह, मौनी प्रेस मीट, मूवी स्क्रीनिंग और डेट नाइट्स में फैशन-फ़ॉरवर्ड शैलियों के साथ प्रयोग करने में निडर हैं। उन्होंने विविध सौंदर्यशास्त्र को अपनाने में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए, बोल्ड मोनोक्रोमैटिक पावर सूट से लेकर अलौकिक लहंगे तक सब कुछ सफलतापूर्वक किया है।

**बेदाग स्टाइल और बारीकियों पर ध्यान** - मौनी अपने लुक को सटीकता के साथ तैयार करती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर चीज़- बाल और मेकअप से लेकर पोशाक समन्वय तक - सहजता से फिट बैठता है और एक कहानी कहता है। विस्तार पर उनका बहुत ध्यान और उच्च गुणवत्ता वाली टेलरिंग के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें हॉलीवुड के अभिजात वर्ग की तुलना में एक शानदार बढ़त देती है।





# साउथ फिल्म कन्नप्पा में महादेव के किरदार में नजर आएंगे अक्षय कुमार

साउथ फिल्म कन्नप्पा का एलान पिछले साल हुआ था। फिल्म से लगातार हर एक अभिनेता का लुक सामने आ चुका है। विष्णु मांचू से लेकर माता पार्वती के किरदार में काजल अग्रवाल का लुक भी सामने आ चुका है। वहीं आज कुछ ही देर पहले अक्षय कुमार का महादेव के रुद्र अवतार में लुक जारी किया गया है। इस लुक के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। इन दिनों अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच आज फिल्म निर्माताओं ने साउथ फिल्म कन्नप्पा से अक्षय कुमार के लुक का एक पोस्टर जारी किया है, जिससे साफ हो गया है कि अक्षय कुमार फिल्म में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे।

कन्नप्पा मूवी से अक्षय कुमार का फुल लुक सामने आ चुका है। वह कन्नप्पा में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में खिलाड़ी कुमार एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में डमरू लिए हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके माथे पर भस्म लगी हुई है। भगवान शिव के अवतार में उन्हें एक बार फिर से देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं। इस फिल्म से पहले अक्षय फिल्म ओ माय गॉड में भगवान शिव की भूमिका निभा चुके हैं। अक्षय कुमार ने कन्नप्पा से अपना लुक शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, कन्नप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रखते हुए। इस महाकाव्य कथा को जीवंत करने का गौरव प्राप्त हुआ है। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय।

मोहन बाबू निर्मित कन्नप्पा में लीड रोल में विष्णु मांचू निभा रहे हैं। भगवान शिव पर आधारित पौराणिक फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, मोहनलाल, सरथकुमार, मधु, मोहन बाबू, काजल अग्रवाल और ब्रह्मनंदन जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म इसी साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


# दलपति 69 के बाद एक और फिल्म करेंगे विजय?

## आधिकारिक घोषणा का इंतजार

दलपति विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दलपति 69 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हालांकि, पहले यह जानकारी सामने आई थी कि इस फिल्म को पूरी करने के बाद वह फिल्मों से संन्यास ले लेंगे, लेकिन अब जानकारी के अनुसार दलपति 70 भी आ सकती है, जिसने प्रशंसकों की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।

विजय की अगली फिल्म का नाम दलपति 70 हो सकता है?

कथित तौर पर पिछले साल विजय ने अपने प्रशंसकों से कहा था कि दलपति69 के सिनेमाघरों में आने के बाद वह फिल्में छोड़ देंगे और सक्रिय राजनीति में अधिक समय बिताएंगे। लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दलपति 69 के बाद दलपति70 में भी नजर आ सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह विजय के प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। पिछले कुछ दिनों से, अटकलें लगाई जा रही हैं कि विजय अपनी 70वीं फिल्म में अभिनय करने पर विचार कर रहे हैं। जाहिर है, अभिनेता ने अपने द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम निर्देशक वेंकट प्रभु से अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए स्क्रिप्ट लिखने के लिए कहा है। तमिल प्रोडक्शन हाउस 7 स्क्रीन स्टूडियो, जिसने विजय की मास्टर और लियो को बनाया था, दलपति 70 को बनाएगा। कहने की जरूरत नहीं है कि विजय के प्रशंसक चल रही चर्चा से बहुत खुश हैं, और वे इस आगामी परियोजना के बारे में आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।





**ड्राइविंग के क्षेत्र में दो तरह से कॅरियर बनाया जा सकता है। मसलन, आप स्वयं के व्यवसाय के स्वामी और चालक हो सकते हैं। इसके लिए आप ओला और उबर के तहत पंजीकृत कुछ टैक्सी प्राप्त करें और इस उद्योग के माध्यम से भी अच्छी कमाई करें।**

# कॅरियर के लिए अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है ड्राइविंग

ड्राइविंग एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें कॅरियर बनाने के बारे में शायद ही कोई युवा सोचता हो। यकीनन यह कोई फुल टाइम प्रोफेशन नहीं है लेकिन फिर भी अगर आप इसे एक कॅरियर या व्यवसाय के रूप में देखते हैं तो इसमें भी आपके विकास की अपार संभावनाएं मौजूद है। यह उन लोगों के लिए एक अच्छा कॅरियर ऑप्शन साबित हो सकता है, जो बहुत अधिक पढ़े-लिखे नहीं है, लेकिन फिर भी अच्छी आमदनी करके एक बेहतर जिन्दगी जीना चाहते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि ड्राइविंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाकर आप किस तरह अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं-

## ऐसे बनाएं कॅरियर

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि ड्राइविंग के क्षेत्र में दो तरह से कॅरियर बनाया जा सकता है। मसलन, आप स्वयं के व्यवसाय के स्वामी और चालक हो सकते हैं। इसके लिए आप ओला और उबर के तहत पंजीकृत कुछ टैक्सी प्राप्त करें और इस उद्योग के माध्यम से भी अच्छी कमाई करें। इसके अलावा अगर आपके पास पर्याप्त पैसा नहीं है तो इस स्थिति में आप कुछ ओला व उबर आदि में बतौर कार चालक अपने कॅरियर की शुरुआत कर सकते हैं।

## योग्यता


यह एक ऐसा क्षेत्र नहीं है, जिसके लिए किसी खास प्रोफेशनल डिग्री की आवश्यकता हो। आपको बस एक वाणिज्यिक ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता है और फिर कई ड्राइविंग स्कूल हैं जो आपको अपने आसपास के क्षेत्र में मिलेंगे। आप वहां से ड्राइविंग का प्रशिक्षण ले सकते हैं।

## जरूरी स्किल्स

अगर आप सच में अपने कॅरियर को ग्रोथ देना चाहते हैं तो इसके लिए आपमें कुछ स्किल्स का होना बेहद आवश्यक है। सबसे पहले तो आपको बेहद अच्छी तरह से कार ड्राइव करनी आनी चाहिए। यह आपके कॅरियर के लिए सबसे पहली और जरूरी शर्त है। इसके अलावा आप जिस शहर में हैं, वहां की सड़कों की आपको अच्छी जानकारी होनी चाहिए। वैसे इन दिनों जीपीएस के जरिए भी रास्तों के बारे में पता लगाया जा सकता है। वहीं आपमें बेहतर कम्युनिकेशन स्किल होना भी बेहद आवश्यक है। सारा दिन आपकी गाड़ी में कई कस्टमर आएंगे, आपका उनके प्रति व्यवहार कैसा होगा, इस पर काफी कुछ निर्भर करता है।

## संभावनाएं

इस क्षेत्र में कॅरियर ग्रोथ काफी अच्छी है। सबसे पहले तो आप ओला व उबर के अलावा कई ड्राइविंग कंपनियों में बतौर ड्राइवर काम कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो ड्राइविंग इंस्टीट्यूट में बतौर टेनर भी काम कर सकते हैं और दूसरे लोगों को कार चलाना सिखा सकते हैं। इसके अलावा कुछ लोगों को पर्सनल कार ड्राइवर की जरूरत होती है, आप उनके लिए भी काम कर सकते हैं। वहीं खुद भी कार या टैक्सी लेकर उसे ड्राइव कर सकते हैं। इस तरह आप खुद ही मालिक बन सकते हैं।





**एक अच्छा मिक्सोलॉजिस्ट बनने के लिए अच्छा श्रोता होना व फ्रेंडली होना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा एक्यूरेसी, बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्गेनाइजेशन स्किल्स, एनर्जेटिक, फलेक्सिबिलिटी, टीमवर्क, व क्रिएटिविटी जैसे गुण आपके काम को आसान बनाते हैं।**

# लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो मिक्सोलॉजी में देख सकते हैं अपना कॅरियर

अगर आप उनमें से हैं, जिन्हें नौ से पांच की जॉब करना अच्छा नहीं लगता। आप अपनी लाइफ में लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो ऐसे में मिक्सोलॉजी के क्षेत्र में अपना कॅरियर देख सकते हैं। यह एक बेहद ही डिफरेंट कॅरियर ऑप्शन है। एक मिक्सोलॉजिस्ट एक व्यक्ति है जो कॉकटेल और मिश्रित पेय बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के मादक पेय और अन्य सामग्री को मिलाता है। आमतौर पर लोग मिक्सोलॉजिस्ट को बारटेंडर ही समझते हैं, लेकिन इनमें अंतर है। बारटेंडर केवल बार में होते हैं और केवल पहले से मौजूद ड्रिंक्स को ही बनाते हैं। जबकि मिक्सोलॉजिस्ट कई नए तरह के कॉकटेल बनाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको इस कॅरियर के बारे में बता रहे हैं-

## क्या होता है काम

एक मिक्सोलॉजिस्ट का काम बारटेंडर की तुलना में अधिक विस्तृत होता है। वे कई तरह की ड्रिंक्स को मिक्स करके एक नया पेय पदार्थ बनाने के अलावा, बार को आर्गेनाइज करना, कस्टमर्स को नए ड्रिंक्स के बारे में बताना और उन्हें एंटरटेन करना, नए पेय पदार्थों का सुझाव देना और मेन्यू में कुछ नए पेय पदार्थों को शामिल करना होता है। यह एक ऐसी जॉब है, जिसमें आप हर दिन कुछ नए एक्सपेरिमेंट करते हैं और खुद को एक्सप्लोर करते हैं। हालांकि यहां पर काम के कोई निश्चित घंटे नहीं होते।

## स्किल्स

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि एक अच्छा मिक्सोलॉजिस्ट बनने के लिए अच्छा श्रोता होना व फ्रेंडली होना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा एक्यूरेसी, बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्गेनाइजेशन स्किल्स, एनर्जेटिक, फलेक्सिबिलिटी, टीमवर्क, व क्रिएटिविटी जैसे गुण आपके काम को आसान बनाते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए किसी निश्चित डिग्री का होना आवश्यक नहीं है। आपके स्वाद की समझ ही आपको आगे लेकर जाती है। हालांकि, ज्यादातर कंपनियां ऐसे मिक्सोलॉजिस्ट को पसंद करती हैं जिनके पास बारटेंडिंग लाइसेंस होता है। उम्मीदवार किसी भी कंपनी में अल्पकालिक भुगतान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## संभावनाएं

यकीनन यह एक अलग कॅरियर क्षेत्र है, लेकिन फिर भी अगर आप अपने काम में अच्छे हैं तो आपके पास काम की कोई कमी नहीं होने वाली है। आप बार या रेस्टोरेंट के अलावा, क्लब, पब, होटल, टैवर्न आदि में बेहद आसानी से काम कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ कंपनियां फूड एंड बेवरेज शो या फिर कई मार्केटिंग इवेंट्स में अपनी सर्विसेज देने के लिए भी मिक्सोलॉजिस्ट को हायर करती हैं। इस तरह के इवेंट्स में आप अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं।

## आमदनी

एक मिक्सोलॉजिस्ट की सालाना पूरी तरह से उस क्लब / रेस्तरां / बार पर निर्भर करेगा जिस पर वह काम कर रहा है। फिर भी शुरुआती दौर में आप दो से तीन लाख रुपए सालाना आसानी से कमा सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, लखनऊ
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कोलकाता
- इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, अहमदाबाद
- नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नोएडा
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, मुंबई
- इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टैक्नोलॉजी- एप्लाईड नुट्रीसन, कोलकाता
- सेंटमेरी कॉलेज, बैंगलोर
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, शिमला

# कैसे बनें लेखपाल ? जानें योग्यता, एग्जाम पैटर्न, सैलरी व सभी जानकारी

लेखपाल राजस्व विभाग यानी रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करते हैं। लेखपाल को कुछ राज्यों में पटवारी, पटेल, कारनाम अधिकारी, शानबोगरु आदि नाम से जाना जाता है। यह एक सरकारी नौकरी है और इसमें जॉब सिक्योरिटी, पेंशन, पीएफ जैसे लाभ मिलते हैं।

आजकल अधिकतर युवा सरकारी नौकरी करना चाहते हैं। लेकिन सरकारी नौकरी पाना इतना आसान नहीं हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसी सरकारी नौकरी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरुरी नहीं है।

आज हम आपको बताएंगे कि आप लेखपाल कैसे बन सकते हैं -

लेखपाल राजस्व विभाग यानी रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करते हैं। लेखपाल को कुछ राज्यों में पटवारी, पटेल, कारनाम अधिकारी, शानबोगरु आदि नाम से जाना जाता है। यह एक सरकारी नौकरी है और इसमें जॉब सिक्योरिटी, पेंशन, पीएफ जैसे लाभ मिलते हैं। आजकल युवाओं में इस पद की डिमांड बहुत ज्यादा है। लेखपाल बनने के लिए अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के साथ-साथ इंटरव्यू देना होता है।

लेखपाल दो तरह के होते हैं - राजस्व लेखपाल और चकबंदी लेखपाल। राजस्व लेखपाल आवासीय और व्यावसायिक जमीन से जुड़े काम देखते हैं और राजस्व लेखपाल आवासीय और व्यावसायिक जमीन से जुड़े काम देखते हैं।

## योग्यता

- आपको किसी भी स्ट्रीम से बारहवीं पास होना चाहिए। मिनिमम परसेंटेज की कोई शर्त नहीं होती।
- उम्मीदवार के पास कम्प्यूटर कोर्स का सर्टिफिकेट होना जरूरी है।

## आयु सीमा

लेखपाल बनने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष और 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जाती है।

## लेखपाल बनने की परीक्षा

लेखपाल बनने के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू ये दो चरण होते हैं। लिखित परीक्षा 100 नंबर की होती है। इसके लिए 90 मिनट दिए जाते हैं। इसमें माइनस मार्किंग नहीं होती। परीक्षा में हिन्दी, सामान्य ज्ञान, गणित और ग्राम समाज और विकास के प्रश्न पूछे जाते हैं। हर सेक्शन में 25-25 प्रश्न होते हैं। लेखपाल की परीक्षा के लिए सामान्य ज्ञान, हिंदी सामान्य गणित और सामाजिक जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। लिखित परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू दोनों को मिलाकर जो भी मार्क्स मिलते हैं उसी के आधार पर लेखपाल को चुना जाता है।

## सैलरी

एक लेखपाल की सैलरी 5200-20200 रूपए प्रतिमाह पे-ग्रेड के अनुसार होती है। लेखपाल एक क्लेरिकल पोस्ट है जो ग्रुप सी के अंतर्गत आती है।





# टिफिन सर्विस का बिजनेस शुरू कर कमा सकते हैं लाखों

**साफ-सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर-उधर नहीं गिरना चाहिए।**

कोरोनावायरस अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है और इस दौर में कई जमे जमाए बिजनेस और दूसरे प्रोफेशनों की कमर टूट चुकी है। कई लोगों की इस आपदा में नौकरी गई है तो कई लोगों का बिजनेस चौपट हुआ है। सबसे अधिक असर पड़ने वाली इंडस्ट्रीज में, फूड इंडस्ट्री पर निश्चित रूप से बड़ा असर पड़ा है। होटल, ढाबे जहां पर लोग इकट्ठे होकर खाना खाते थे, वहां बिजनेस जबरदस्त ढंग से प्रभावित हुआ है। पर लोगों की खाना खाने की जरूरतें तो कम नहीं हुई हैं, ऐसे में कई जगहों पर सुरक्षित टिफिन सर्विस एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आ सकता है। आइए देखते हैं इसकी कहां कहां और किस प्रकार उपयोगिता है और आप इसके जरिए किस प्रकार शुरुआत कर सकते हैं और किस प्रकार कमाई कर सकते हैं।

## कारोबार को समझना जरूरी

ध्यान रखने वाली बात यह है कि बिजनेस चाहे कोई भी हो, किंतु उसे समझना एवं प्रबंधित करने का ढंग आपको वास्तविक रुप से उसका फायदा दिलाता है। अगर आप किसी बिजनेस को ठीक ढंग से मैनेज कर पाते हैं तो भारी मुनाफा और अच्छी क्रेडिबिलिटी हासिल कर सकते हैं। आखिर यूं ही तो आईआईएम से बड़े संस्थानों से निकले लोग सब्जी बेचकर या कोई छोटा मोटा रोजगार करके, या फिर खेती करके लाखों नहीं कमाते हैं? उनके कमाने के उदाहरणों से प्रबंधन के गुणों को सीखना जरूरी है।

कारोबार को प्रबंधित करने से पहले कारोबार को समझना और ग्राउंड वर्क करना जरूरी है। आप जिस भी क्षेत्र में रहते हों, आस पास अगर कोई टिफिन सर्विस चलती है तो उसके पास खुद एक ग्राहक बनकर जाएँ और देखें कि वहां पर किस प्रकार से आपको टिफिन दी जाती है, उसके रेट क्या है, सब्जी इत्यादि की वैरायटी क्या है, अलग-अलग दिनों में वेज और नॉनवेज का कॉम्बिनेशन क्या है? इतना ही नहीं, खाने की क्वालिटी कैसी है, डिलीवरी की टाइमिंग इत्यादि किस प्रकार से मैनेज किया जाता है, इन सब बातों को जब एक ग्राहक के तौर पर समझने की कोशिश करेंगे, तो आपको इसकी बारीकियां समझ आ जायेंगी।

## कस्टमर मैनेजमेंट और मार्केटिंग

यह एक बेहद महत्वपूर्ण फैक्टर है। जब आप एक कारोबार को समझ लेते हैं और ग्राउंड वर्क कर लेते हैं तो आपके सामने बड़ी चुनौती आती है कि कस्टमर आप किस प्रकार से ढूंढें? तो इसके लिए आपको एडवर्टाइजमेंट करना पड़ेगा। इसके लिए आप खुद कैनवा जैसी ऑनलाइन सर्विस का प्रयोग करके अपनी टिफिन सर्विस का बैनर बना लें और व्हाट्सएप पर शेयर करें, खासकर उन कांटेक्ट में, जिस एरिया में आप बिजनेस करना चाहते हैं। शुरुआत में अगर आप के जानकार और आपके परिचित पहले ग्राहक बनते हैं, तो यह सबसे उत्तम होगा। एक तो ऑलरेडी वह आपको जानते हैं और दूसरे शुरू में विश्वास बनाने में आपको आसानी हो जाएगी। यह कार्य व्हाट्सएप पर आप आसानी से कर लेंगे, किंतु सिर्फ जानकारों में आप यह कार्य बढ़ा नहीं पाएंगे। कारोबार बढ़ाने के लिए आपको पंपलेट छपवाने पड़ेंगे और आसपास के एरिया में डिस्ट्रीब्यूटर करना पड़ेगा। वह हॉस्टल हो सकता है, कंपनी हो सकती है, या कोई लोकलिटी हो सकती है। कस्टमर जब आपके बनने लगेंगे, तो उसको प्रबंधित करने में और क्वालिटी देने में आप चूक ना करें। ध्यान रखें, यह 21वीं सदी है और यहां पर जितनी बेहतरीन क्वालिटी और सर्विस आप देंगे, आपके ग्रो करने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। कम लागत के लिए पहले एकाध कस्टमर से ही शुरु करें, और अनुभव के साथ महीने बाद कारोबार को गति दें।

ध्यान रहे कि यह बिजनेस ना केवल शहर में, बल्कि छोटे-छोटे कस्बों और यहां तक कि गांव तक में चलने लगा है। गांव में कई घरों में बुजुर्ग व्यक्ति होते हैं, जो अकेले होते हैं। उनके बच्चे दूर शहरों में रोजी रोटी के लिए गए होते हैं, तो उनके लिए भी यह बेहद उपयोगी सर्विस है। ऐसे में निश्चित रूप से आपको इससे पुण्य और पैसा दोनों मिल सकता है।

### कुछ महत्वपूर्ण बातें

- साफ-सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर-उधर नहीं गिरना चाहिए।
- मेन्यू अपडेट करते रहें। साथ ही ध्यान रखें कि स्वाद के चक्कर में ऐसा नहीं होना चाहिए कि कस्टमर के हेल्थ से समझौता हो जाए। कल्पना करें कि अगर कोई खाना खाने के बाद कस्टमर का पेट खराब हो जाता है या उसे अन हेल्दी फील होता है तो आप अपने ग्राहक खो देंगे। हां! स्वाद के लिए अपने मैन्यू में आप कोई मिठाई या दूसरी चीजें अपडेट करते रह सकते हैं।
- कस्टमर के फीडबैक के आधार पर किसी दिन उसकी पसंद का मैन्यू जरूर बना सकते हैं। त्यौहार इत्यादि के दिन पूरी या ऐसी दूसरी लोकल डिश कस्टमर को टेस्ट करा सकते हैं, पर यह कस्टमर के फीडबैक के आधार पर ही होना चाहिए।
- समय का पालन बहुत जरूरी है। अगर सुबह ब्रेकफास्ट 8 :00 बजे पहुंचाते हैं, तो यह किसी हालत में 8 से लेट नहीं होना चाहिए, बहुत पहले भी नहीं होना चाहिए। समय पर डिलीवरी आपके बारे में एक बेहतरीन राय कायम करेगी। अगर किसी कारण वश देरी होने की सम्भावना है तो व्हाट्सअप या कॉल पर कस्टमर को अपडेट जरूर कर दें।

## साइबर शील्ड अभियानः गुमशुदा मोबाइल पाकर चेहरे खिले



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** पुलिस द्वारा आमजन के हित में चलाए जा रहे अभियान साइबर शील्ड के तहत कुचामन पुलिस ने एक दिन में 18 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस लौटाए। अजमेर रेंज महानिरीक्षक के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान में यह सफलता मिली। शुक्रवार को एएसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एएसपी नेमीचंद खारिया, डिप्टी एसपी अरविंद बिश्नोई और सीआई सतपाल सिंह की मौजूदगी में मोबाइल फोन मालिकों को सौंपे गए। एएसपी ने बताया कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर घबराएं नहीं। तुरंत नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाएं और सीईआईआर पोर्टल पर फोन का आईएमईआई नंबर दर्ज कर मोबाइल ब्लॉक करवाएं। इससे पुलिस को फोन ट्रैक करने में मदद मिलेगी।

## बाबूलाल कुमावत बने भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी(निसं.)** कुचामन सिटी भारतीय जनता पार्टी द्वारा नवनिर्वाचित शहर मंडल व ग्रामीण मंडल की सूची जारी की गई जिसमें कुचामन शहर से बाबूलाल कुमावत को कुचामन शहर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बनाया गया ज्ञात हो बाबूलाल कुमावत भारतीय जनता पार्टी के लिए निरंतर कार्य करके अपनी सेवाएं दे रहे हैं शहर मंडल निरंतर पार्टी के लिए जनहित के कार्य कर रहे हैं भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाइयों के अलावा शहर के सामाजिक संगठनों ने बाबूलाल कुमावत को बधाइयां दी वह माला वह साफा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया।

## कुचामन सिटी में गौ सेवकों द्वारा कुशाल गिरी महाराज का स्वागत सम्मान



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय के संस्थापक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कुशाल गिरी महाराज का कुंभ मेले में जाने से पहले कुचामन में श्री शाकंभरी गौशाला के तत्वाधान में हुआ भव्य स्वागत स्वामी जी का माला एवं भगवा शाल ओढ़ा कर स्वागत सत्कार किया स्वामी जी ने गौ सेवक रवि भार्गव को चांदी की तस्वीर भेंट करके गौ सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने का आशीर्वाद दिया एवं सभी को कहा हमेशा गौ सेवा के लिए तत्पर रहे, इस दौरान मोनी बाबा, नरेंद्र सिंह, राहुल जैन जिलिया, महेंद्र ग्वाला, रूप सिंह राजपुरोहित, अशोक, प्रवीण दाधीच, सत्यवान भार्गव, गजेंद्र सिंह आनंदपुरा, चैनसुख गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, महेंद्र सिंह बाबोसा, मनोज रांकावत, शक्ति सिंह, मांगीलाल कुमावत, चंद्र प्रकाश कुमावत, आदि गौ सेवक उपस्थित रहे।

## चिंताहरणी बीजासण मातेश्वरी मंदिर आवासन मंडल में आयोजित होगी संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के आवासन मण्डल में हनुमान नगर चौराहे के पास श्याम वाटिका रोड स्थित चिंताहरणी बीजासण मातेश्वरी मंदिर में आज 25 जनवरी से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जायेगा ,कथा का वचन कथाव्यास पंडित आचार्य विजय कुमार शास्त्री द्वारा किया जायेगा ,जिनके तहत आज कलश यात्रा निकाली जाएगी कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगे । कलश यात्रा बड़ के बालाजी से सुबह 8 बजे रवाना होगी जो चिंताहरणी बीजासण मातेश्वरी मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी , श्रीमद्भागवत प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक आयोजित होगी , श्रीमद्भागवत का आयोजन दामोदर मित्तल ,ओम प्रकाश मित्तल ,कांति मित्तल ,रमेश मित्तल ,अजय मित्तल द्वारा करवाया जा रहा है

## स्वतंत्रता सेनानी वर्मा को अर्पित किए श्रध्दा सुमन

**बिजौलियां(निसं.)।** ऊपरमाल किसान आंदोलन के प्रणेता स्व.माणिक्य लाल वर्मा की 56 वीं पुण्यतिथि पर उमाजी का खेड़ा विद्यालय में पुष्पांजली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माणिक्य लाल वर्मा स्मारक समिति के अध्यक्ष भूरालाल धाकड ने की।



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़ समेत सभी वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी वर्मा के किसान आंदोलन एवं आजादी के आंदोलन में योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान, जनप्रतिनिधि और राजनीतिक-सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

# आयुष्मान कार्ड का शत-प्रतिशत वितरण करेंः अभिषेक सुराणा

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने दिए आवश्यक निर्देश

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंस से जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा कर चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि जिले में वितरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करें। चिकित्सा अधिकारी सक्रियता व सजगता के साथ काम करते हुए आवश्यक प्रगति अर्जित करें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाते हुए शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने चिकित्सा सेवाओं के विस्तार, राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना, मातृत्व स्वास्थ्य के तहत गर्भवती महिला की चार एएनसी जांच करवाने, टीकाकरण कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव व मातृ -शिशु मृत्यु, परिवार कल्याण, पीसीपीएनडीटी, 108 एम्बुलेंस सेवा व राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक माह सभी ब्लॉक में तीन-तीन ग्राम पंचायत को तम्बाकू मुक्त बनाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बैठक का संचालन करते हुए रूपरेखा प्रस्तुत की। जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ वेदप्रकाश ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के बारे में जानकारी दी। बैठक में आरसीएचओ डॉ विश्वास मथुरिया, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अहसान गौरी, डीपीसी डॉ राशिद, डीपीएम संग्राम सिंह, लेखा प्रभारी सुरेन्द्र बराला, डीपीओ प्रेम शंकर शर्मा, डॉ लाड कंवर, पीसीपीएनडीटी समन्वयक राजकुमार बैरवा सहित अन्य मौजूद रहे।

# पशुओं का निशुल्क बीमा होने से पशुपालकों की चिंताएं हो रही दूर

### मंगला पशु योजना बीमा योजना में 31 जनवरी तक कर सकेंगे आवेदन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की प्रदेश सरकार के संवेदनशील निर्णयों से अब पशुपालकों की चिंताएं दूर हो रही हैं। प्रदेश के पशुपालक समृद्ध हो रहे हैं और उनके पशुधन का निःशुल्क बीमा किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजनांतर्गत प्रदेश के पशुपालक 31 जनवरी, 2025 तक अपने पशुधन का बीमा करवा सकते हैं। योजना के तहत 21 लाख पशुओं का बीमा हो सकेगा, जिनमें 5-5 लाख गाय, भैंस, बकरी व भेड़ और एक लाख ऊंट का बीमा हो सकेगा। प्रदेश के गोपाल क्रेडिट कार्ड धारक, लखपति दीदी योजना लाभार्थी व लॉटरी से चयनित जन आधार कार्ड धारक पशुपालकों के अधिकतम 02 दुधारू पशु गाय, भैंस अथवा दोनों, 10 बकरी, 10 भेड़ व एक उष्ट्र वंश पशु का निःशुल्क बीमा किया जाएगा।

**पंजीकरण के लिए यह दस्तावेज है आवश्यक**

योजनांतर्गत पंजीकरण के लिए पशुपालक का जन आधार कार्ड, आवेदक पशुपालक व पशुपालक का पशुधन के साथ फोटो, जाति प्रमाण-पत्र, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, उपलब्ध होने पर गोपाल क्रेडिट कार्ड या लखपति दीदी कार्ड व पशुधन के टैग नंबर होना आवश्यक है। आवेदन के लिए पशुपालक मोबाइल एप्प एमएमपीबीवाई व वेबपोर्टल पर ई-मित्र के माध्यम से 31 जनवरी, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पशुपालकों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा।

## नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु समन्वित प्रयास करें एवं जागरूकता अभियान चलायें- जिला कलक्टर

### एंकॉर्ड की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को एंकॉर्ड की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि नशीले ड्रग्स व मादक पदार्थों के प्रभावी रोकथाम के लिये संबंधित विभाग समन्वित प्रयास करें एवं शिक्षण संस्थानों में मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में युवाओं को जागरूक करने हेतु एक्शन प्लान बनाकर कार्य करें। जिला कलक्टर ने कहा कि नशे पर प्रभावी रोकथाम व जागरूकता के लिये एनजीओ की सहायता से सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, हॉस्टलों, कोचिंग संस्थानों में अन्य सरकारी अभियानों के साथ-साथ वाद-विवाद, पोस्टर, चित्रकला, निबंध जैसी प्रतियोगिताओं तथा प्रभात फेरी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की सामग्री के रैकेट चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु समन्वित कार्यवाही करें एवं बॉर्डर, राज्य के नाकों से आने वाले वाहनों पर भी सघन जांच कर निगरानी रखें। जिला कलक्टर ने जयपुर तथा अलवर के ड्रग कंट्रोलर के अधिकारियों की साप्ताहिक ड्यूटी जिला मुख्यालय पर लगाने के लिये संबंधित उच्च स्तरीय अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने संबंधित विभागों द्वारा पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना एवं की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही संबंधित विभागों द्वारा आपसी तालमेल से की जायें। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से मेडिकल दुकानों का निरीक्षण कर दवाओं के जीएसटी बिलों की जांच करें। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो नशे का आदी हो और नशे की प्रवृत्ति से छुटकारा पाना चाहते है उनके लिये विशेष रूप से अस्थाई नशा मुक्ति केन्द्र व शिविरों का संचालन करें। एएसपी वैभव शर्मा ने कहा कि युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से बचाने व मादक पदार्थों के अवैध निर्गमन, बिक्री एवं भंडारण की रोकथाम के लिये सभी संबंधित विभागीय अधिकारी इस संबंध में आवश्यक जानकारी पुलिस से साझा करें। पुलिस विभाग एनडीपीएस सामग्री के सीजर की कार्यवाही करने के साथ-साथ इस प्रकार के रैकेट चलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करेगा। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर खेती वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर मादक पदार्थों की खेती नहीं हो रही हो यह सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत सहित कृषि, वन, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविधालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने कन्या भ्रुण हत्या को रोकने के बारे में बताया तथा मुखबीर योजना की विस्तृत जानकारी दी। सीएमएचओ ने महिलाओं के लिये विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी। प्राचार्य प्रो. आर. पी. गुर्जर ने बालिकाओं के पांच रूप के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जब एक बालिका का जन्म होता है तो वह हर समय अलग-अलग रूप में कभी बेटी, कभी बहन, कभी माँ के रूप में रहती है। प्राचार्य ने बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढने् के लिये प्रेरित किया। डीएनओ रविकांत जांगिड़ ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, कल्याण और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 का थीम "उज्ज्वल भविष्य के लिये बालिकाओं को सशक्त बनाना" है। डॉ. भावना चौधरी ने भी बालिकाओं के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रतिभावान बालिकाओं मेधावी बालिका एवं जो इकलौती संतान माता-पिता की दो बालिका संतान हो को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रंगोली प्रतियोगिता में दिव्या टांक व टीम, कविता प्रतियोगिता में अरिश कुरैशी, बालिका शिक्षा पर गायन प्रतियोगिता में निकिता सैनी, नृत्य प्रतियोगिता में संजु शर्मा, रिया गुप्ता व संजु वर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान नेहा यादव, प्रो. विमल यादव, प्रो. जगराम गुर्जर, प्रो. मनोज सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री चाँदना शनिवार को कोटपूतली में

### कस्बे के मुख्य चौराहे पर खादी लीनन हब का करेगें उद्घाटन

**कोटपूतली(निसं.)** प्रदेश के पूर्व खेल राज्यमंत्री व युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं हिंडौली से कांग्रेस विधायक अशोक चाँदना शनिवार को कोटपूतली आयेगें। चाँदना शनिवार दोपहर 02 बजे कस्बे के मुख्य चौराहे पर खादी लीनन हब का बतौर मुख्य अतिथि फिता काटकर उद्घाटन करेगें। आयोजक अशोक गुर्जर ने बताया कि इस मौके पर चाँदना का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत भी किया जायेगा। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल व नांगल चौधरी से कांग्रेस विधायक मंजू चौधरी आदि शिरकत करेगें।

## रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम आयोजित

**कोटपूतली(निसं.)** यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में "कैंपस प्लेसमेंट एवं कैरियर काउंसलिंग सैल" के तत्वाधान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अल्स्टोन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड व राजस्थान फ्लैक्सिबल पैकेजिंग लिमिटेड पाथरेड़ी ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन एवं अतिथियों के माल्यार्पण द्वारा किया गया। सैल संयोजिका प्रो. सीमा पंत ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की तथा उपस्थित विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया से अवगत कराया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. उर्मिल महलावत ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह इन रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों से लाभ उठायें एवं सुनहरे भविष्य के लिये उत्साह व उमंग से कार्य करें। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अल्स्टोन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के मानव संसाधन प्रबंधक गौरव कुमार शर्मा व प्रशासनिक प्रबंधक दिलीप कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को रोजगार हेतु चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। राजस्थान फ्लेक्सिबल पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, पाथरेड़ी के गुणवत्ता शाखा प्रबंधक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं सहायक प्रबंधक (एचआरडी) ने साक्षत्कार कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुये फार्मास्यूटिकल कम्पनी में रसायन से संबंधित रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की। संचालन कर रहे डॉ. अशोक सिंह ने विवेकानंद जी की प्रेरणास्पद पंक्ति का उदाहरण देते हुये कहा कि असफलता हमें शून्य की ओर ना ले जाकर अनुभव से रुबरु कराकर हमारी सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। वरिष्ठ संकाय सदस्य सुरेश कुमार यादव ने बताया कि निजी क्षेत्रों में भी रोजगार की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. मधु नागर, प्रो. राकेश लाटा, प्रो. शीशराम यादव, डॉ. प्रभात शर्मा, डॉ. शिवांगी भट्ट, प्रो. शोभा जौहरी, घनश्याम, डॉ. हुकुमचंद, सज्जन सिंह, योगेश कुमार यादव, आलेख कौडिन्य आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 87 विद्यार्थियों नें पंजीकरण करवाया तथा 30 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया।

## कन्या महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस



जयपुर टाइम्स

**चौमू(निसं.)** राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं में 24 जनवरी को राजस्थान राज्य महिला नीति एवं रेंजर्स इकाई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफ़ेसर राजेंद्र कुमार ने की उन्होंने अपने संबोधन में बालिका दिवस की महत्ता बताते हुए प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। राजस्थान राज्य महिला नीति की समन्वयक प्रोफ़ेसर माधुरी गोस्वामी ने कहा कि बेटियां कमज़ोरी नहीं, साहस होती है, बेटियां दान नहीं, समान होती है।आज भी बालिकाओं का समानता का अधिकार संविधान के पृष्ठों में बंद हैं अत बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना इस बालिका दिवस का प्रमुख उद्देश्य है। रेंजर्स प्रभारी प्रोफ़ेसर नीलम शर्मा ने इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र के सुनहरे भविष्य के लिए बालिकाओं को सक्षम व सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर हेमलता अंकोदिया, प्रोफ़ेसर ऋचा गुप्ता तथा कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी भी उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के समापन दिवस पर सेवाधारी नरेंद्र कुमार सेवानी ने लिया कथा वाचक महाराज संदीप गौड़ का आशीर्वाद



जयपुर टाइम्स

चौमू(निसं.)। पुरोहितों का मोहल्ला विवेकानंद पार्क में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ कथा के समापन दिवस पर सेवाधारी नरेन्द्र कुमार सेवानी कंपनीज एवं दिशा क्लासेज के डायरेक्टर नरेंद्र कुमार सेवानी ने कथा वाचक महाराज संदीप गौड़ को शोल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद लिया साथ ही कहा कि ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक प्रयोजन में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेना चाहिए और श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने से मानव जीवन प्रत्येक मनुष्य का कल्याण होता हैं। इस मौके पर सेवाधारी नरेन्द्र कुमार सेवानी का आशुतोष गौड़, भारत भूषण पारीक, आदित्य पारीक,नंदकिशोर पाराशर,योगेंद्र पाराशर,ने शोल एवं दुप्पटा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

No. NIT/2024-25/27259-67 ई-निविदा सूचना संख्या 461/2024-25 Date:24.01.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) |
|---|---|
| Additional work of Tertiary Cancer Care Centre at Medical College, Jhalawar. UBN: RRC 2425WSOB00862 | 82.68 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

**बेदखली नामा**

मैं मुराद खान पुत्र बरदिया खान जाति -मुसलमान लोहार ,निवासी मलारना डूंगर ,तहसील- मलारना डूंगर, जिला -सवाई माधोपुर सर्वसाधन को सूचित करता हूं की मेरे तीन पुत्र हैं जिनके नाम क्रम से सिराज खान उम्र 30 वर्ष वसीम खान उम्र 25 वर्ष साजिद खान उम्र 19 वर्ष है मैंने मेरे बड़े पुत्र सिराज खान का विवाह कर दिया है तथा मेरा पुत्र सिराज खान एवं उसकी पत्नी सलमा बानो मुझे बहुत परेशान करते हैं मेरा कहना नहीं मानते लोगों से कर्ज लेते हैं जिसके कारण मैं उनसे बहुत परेशान हूं इसलिए आज दिनांक 20 जनवरी 2025 को मैं सिराज खान को मेरी समस्त संपत्ति से बेदखल करता हूं यदि भविष्य में कोई भी सिराज खान के साथ कोई लेनदेन करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा

राजस्थान सरकार

**कार्यालय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, चूरू (राज.) ए.एन.एम.टी.सी परिसर नियर महिला पुलिस थाना, चूरू- 331001**

publichealthlab.churu@gmail.com

क्रमांक-/पी.एच.एल./2024/5 दिनांक-21-01-2025

**बोली सूचना संख्या- 01/2024-25**

जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला चूरू, मे तकनीको मैनपावर, मशीन विद मेन कम्प्यूटर ऑपरेटर, व मल्टी टास्किंग स्टॉफ कार्मिकों की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दर अनुबन्ध करने के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बोली प्रपत्र शुल्क | बोली प्रतिभूति राशि | बोली अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी बोली खोलने की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकि मैनपावर, मशीन विद मेन कम्प्यूटर ऑपरेटर, व मल्टी टास्किंग स्टॉफ | 9.24 लाख | 500.00 | 18.480/ | दिनांक. 29-01-25 को दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 29-01-2025 को साय 2.00 बजे खाद्य विश्लेषक, राजस्थान, चुरू |

बोली के साथ बोली प्रतिभूति राशि रू0 18,480 / - बोली प्रपत्र शुल्क राशि रू0 500 / - की डी. डी. Food Analyst Churu Rajasthan, के नाम से देय होगीं भी संलग्न करना होगा। बोली की विस्तृत शर्तें एवं सूचना http://sppp.rajasthan.gov.in पर दिनांक 26-01-2025 से देखी जा सकती हे ।

खाध्य विश्लेषक
प्रभारी, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला
चुरू (राज.)

DIPR/C/1053/2025

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
25 जनवरी, 2025


## क्षतिग्रस्त सड़क का पुन डामरीकरण शुरू



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ग्राम कमालसर से दिलाई जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क का पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार के प्रयासों पुनः डामरीकरण का कार्य शुरू किया गया जिसका विधिवत श्री गणेश जिला प्रमुख हर्षनी कुलहरि के मुख्य आतिथ्य व पूर्व सरपंच संघ जिला अध्यक्ष सज्जन पूनियां की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख ने ठेकेदार को शानदार सड़क बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि क्वालिटी में कोई समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। इस अवसर पर सज्जन पूनियां ने कहा कि यह रोड काफी दिनों से ख़राब पड़ी थी जिसकी मांग काफी दिनों से चल रही थी। पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार ने अभी चार सड़को का पुनः डामरीकरण स्वीकृत करवाया है जिनकी लागत 1.80 करोड़ है जिसमे कमालसर से दिलाई भी स्वीकृत है। इस मौके पर मोजास सरपंच मुकेश झाझरिया, अमीलाल मील भोजासर, पाटोदा पूर्व सरपंच मनोज, भागचंद फौजी, दिलीपं कुमार, रणजीत पूनियां, बनवारी जांगिड़, ठेकदार समशाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## रघुनाथपुरा में विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर कल

जयपुर टाइम्स

**गुढ़ागौड़जी(निस)।** रघुनाथपुरा के मुकेश रेपस्वाल की याद में रविवार को विशाल निशुल्क चिकित्सा व परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में निशुल्क दवा व निशुल्क जांच होंगी। सुमेरसिंह रेपस्वाल ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे शिव गौशाला में शिविर का आयोजन होगा। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जोगेंद्र गढ़वाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शर्मिला, नशा मुक्ति व मनोरोग विशेषज्ञ डॉ नवीन कुल्हरी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ दीपक झाझड़िया, जनरल फिजिशियन डॉ विकास चौधरी, मुख व दंत रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक सेवाएं देंगे। रेपस्वाल ने बताया कि शिविर में मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। साथ ही आंखों की फेको मशीन से, पेशाब, खून, बीपी, शुगर और ईसीजी की जांचे निशुल्क होंगी।

## शहीद सूबेदार भवानी सिंह शेखावत की मूर्ति का अनावरण 27 को

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** पाटोदा गांव के शहीद सूबेदार भवानी सिंह शेखावत की मूर्ति का अनावरण समारोह 27 जनवरी को आयोजित होगा। गांव के खेल मैदान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटोदा में मूर्ति अनावरण समारोह सुबह 11.15 बजे होगा। सरपंच राजपाल सैनी व पदम्श्री व पूर्व सरपंच रघुवीर सिंह शेखावत ने बताया कि जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ होंगे। विशिष्ट अतिथि मंडावा विधायक रीटा चौधरी, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़, ठाकुर अंगद देव सिंह मंडावा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल कुमार पुनिया व विद्यालय के प्राचार्य फारुख अली खान होंगे।

## जन अभाव अभियोग निराकरण समिति की बैठक में कलेक्टर ने प्रकरणों पर की चर्चा




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला जन अभाव अभियोग निराकरण व सतर्कता समिति की बैठक गुरुवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में समिति स्तर पर 13 विचाराधीन प्रकरणों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने बैठक के दौरान प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए और संबंधित विभागों से उनकी ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समय पर समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर मीणा ने निर्देश दिए कि समस्याओं का समाधान समय सीमा के भीतर किया जाए और प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। बैठक में सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, एडीएम अजय कुमार आर्य, एडिशनल एसपी हेमंत कुमार, झुंझुनू एसडीएम हवाई सिंह यादव, मलसीसर एसडीएम पंकज शर्मा, मंडावा एसडीएम मुनेश कुमारी, नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता एम के टीबड़ा, एसीईओ रामनिवास चौधरी, नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम न्यू राजस्थान बालिका महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 20 महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरित की जाएगी। इसके साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र की प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों को सराहा जाएगा।

# बेटी को मत समझो भार, ये तो है जीवन का आधार

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल चूरू की परियोजना एक्सेस टू जस्टिस फ़ोर चिल्ड्रन फ़ेस थ्री के जिला समन्वयक रुकैया पठान की नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाकरासर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में संस्था की टीम से सुमन चोपड़ा ने बच्चों को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित व सुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी। साथ ही सतर्क रहकर सुरक्षित रहने के लिए बच्चों को संबोधित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य भँवरलाल गुर्जर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व सुरक्षा सर्वश्रेष्ठ है। शिक्षा से ही उज्जवल भविष्य का निर्माण होगा, जब बच्चों का बचपन ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उनका विकास कैसे होगा, इसलिए बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है। काउंसलर ज्योति बागड़ी ने बाल विवाह के दुष्प्रभाव की जानकारी दी। संस्था के फील्ड कोऑर्डिनेटर, मुबारिक अली की ओर से बच्चों के मध्य प्रश्नोतरी करवाई गई प्रतियोगिता में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी ली। प्रतियोगिता में विजय बच्चों को उपहार भेंट करके पुरस्कृत किया गया। बच्चों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य भंवरलाल गुर्जर ने की गई। प्राचार्य ने संस्था की प्रशंसा की। मंच का संचालन एमीचंद व्याख्याता ने किया। संस्था को धन्यवाद के रूप में प्रशंसा पत्र दिया। कार्यक्रम में व्याख्याता यशपाल कुमार बेनीवाल, सरोज खिलेरी, वरिष्ठ अध्यापक सज्जन कुमार लाटा, अमर सिंह, रेखा शर्मा, राजबाला शिक्षिक संपत शर्मा व संतोष कसंवा उपस्थित रहे।

# कन्या महाविद्यालय में यातायात नियमों की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला नीति व्याख्यान के अंतर्गत यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात नियमों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए यातायात प्रभारी गणपत राम व नरेंद्र दहिया ने यातायात नियमों के संबंध में छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने यातायात नियमों की अक्षरशः पालना करने के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किए व दुपहिया वाहन आदि चलाते समय ध्यान रखने वाले सामान्य नियमों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर लेखाधिकारी गजेंद्र सिंह भाटी, डॉ गजेंद्र दान चारण, मुकेश चौधरी, अशिता गढ़वाल, विक्रम सोनी, रामस्वरूप स्वामी आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन के संबंध में दिया प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** बुहाना पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सांख्यिकी अधिकारी सरिता यादव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन की जानकारी दी गई। कार्यशाला का संचालन प्रगति प्रसार अधिकारी अमर सिंह ने किया। कार्यशाला में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी नरेन्द्र कुमावत, डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. अरविन्द सैनी, डॉ. प्रियादर्शना, डॉ. सरिता जांगिड़, डॉ. वर्षा दहिया, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सिंघाना सुरेन्द्र कुमार, सांख्यिकी निरीक्षक दलिप कुमार, वरिष्ठ सहायक प्रविण कुमार, संगणक अंकित कुमार व पूजा कुमारी और सभी रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन) व उप रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु पंजीयन) आदि उपस्थित रहें।

# राजकीय विद्यालय में 51 जरूरतमंद बच्चों को जूते वितरण

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के कोशल्या देवी माणिकचंद प्रदीप कर्वा चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव गिड़गिचिया में 51 बच्चों को स्कूल में पहनकर आने के लिए प्रेरित करते कर्वा चेरीटेबल ट्रस्ट ने सहयोग देते हुए बच्चों को जूते देकर सहयोग किया है। स्कूल की प्रिंसिपल मधुबाला शर्मा, ईश्वर चंद स्वामी, शकर लाल शर्मा, पोखर मल रेगर, शमशुद्दीन मनिहार, नाहर सिंह आदि उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्य ने बताया कि एक अनुरोध पर सुनीता रमेश कुमार धूत और ट्रस्ट की ओर से सहयोग किया गया है। धूत परिवार दिल्ली का आभार प्रकट किया गया। समाजसेवी प्रेरक ललित लखोटिया और श्याम मंदिर पुजारी बीरबलनाथ का विशेष आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापकों ने कर्वा ट्रस्ट प्रतिनिधि ललित लखोटिया को धन्यवाद पत्र भेंट कर आगे भी इसी तरह सहयोग का आह्वान किया।

## सड़कों की समस्या को लेकर ऑटो चालक 27 जनवरी को करेंगें चक्काजाम

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में मुख्य सड़कों सहित अनेक सड़कों की खस्ता हालत को लेकर ऑटो चालक संघ की ओर से 27 जनवरी को ऑटो चालक संघ की बैठक कर चक्का जाम हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। संघ के अध्यक्ष प्रकाश भोजक ने बताया कि ऑटो चालक संघ के बैनर तले कई बार पीडब्ल्यूडी अधिकारी, एसडीएम कार्यालय, नगर परिषद के सभापति व अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद भी शहर की टूटी हुई सड़कों का कोई समाधान नहीं किया गया। जिससे आक्रोशित होकर ऑटो चालक संघ की ओर से 27 जनवरी को शहर में चक्का जाम हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। फिर भी हमारी मांगों पर संज्ञान नहीं लिया गया तो हमारी चक्का जाम हड़ताल आगे भी जारी रहेगी। ताल मैदान में ऑटो चालकों ने बैठक कर 27 जनवरी को चक्का जाम हड़ताल करने के लिए समर्थन की अपील की। हड़ताल में स्कूल में लगे ऑटो, दूध सप्लाई में लगे ऑटो सहित सभी ऑटो चालकों ने हड़ताल में शामिल होने का समर्थन किया है। इस अवसर पर प्रदीप भार्गव, प्रकाश भोजक, मुन्शी सब्जीफरोस, भंवरलाल माली, उम्मेद नाई, महावीर दुबे, कनकमल नाई, संपत भाट सहित बड़ी संख्या में ऑटो चालक मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तिम दिन पहले सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जिसमें कविता पाठ, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, नाटक आदि विभिन्न प्रस्तुतियां स्वयंसेवको ने दी। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आपसी भाईचारा का संदेश देती है जो देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण है। स्वयंसेवकों ने मोबाइल के दुष्प्रभाव पर एक रोचक नाटक का मंचन किया। भोजन के बाद बौद्धिक सत्र के साथ ही शिविर का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक चंदा प्रजापत ने किया। कार्यक्रम अधिकारी लालचंद मीणा और सुमन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ गजानंद शर्मा, डॉ देवीलाल रोझ, डॉ सुनीता मीणा, डॉ सिद्धि गुप्ता, डॉ अलका जांगिड़, शुभम बंसल, महेश कुमार, जय रत्न आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सभापति महनसरिया का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया के जन्म दिवस पर गुरुवार को देर रात्रि तक अनेक स्थानों पर केक काटकर स्वागत किया गया। वार्ड नंबर 13, में अयुब खा मलवाण, इदरीश खा मलवान, सलीम खा डीलर, लियाकत कुरैशी, युसूफ प्रधान, मनोज सैनी, वार्ड नंबर 56 में राजकुमार सारस्वत, हितेश सारस्वत, पार्षद प्रवीण वैध, पूर्व पार्षद ताराचंद बाढिया, पार्षद विजय कुमार सरस्वत, कालूराम महर्षि राजीव बहड, संदीप पाटिल, अरुण शर्मा मास्टर, राम अवतार लोहिया, रेलवे स्टेशन के सामने इदरीश खा दौलत खानी, इदु फतेह खानी, पूर्व पार्षद मनीष आबिद खा मोइल, मनीष कुमावत, मोहन ट्रेलर, जयचंद मेघवाल, पूर्व उप जिला प्रमुख सोहनलाल मेघवाल, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अबरार खान, सरवन बसेर, पार्षद बाबू खा मंत्री, पूर्व पार्षद सत्यनारायण बाकोलिया, सोहिल डी के, महबूब कुरैशी सहित अनेक लोगों ने महनसरिया का शॉल व साफा पहनाकर स्वागत किया। महनसरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नेहरू युवा केंद्र के छात्र-छात्राओं ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** नेहरू युवा केन्द्र (माय भारत) झुन्झुनू के 24 छात्र-छात्राओं को जिला मुख्यालय के विभिन्न पोईंटो पर यातायात शाखा की ओर से यातायात नियमों की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं की ओर से बतौर स्वयं सेवक यातायात पॉईंटो पर 17 से 23 जनवरी तक आमजन / वाहन चालकों को ओवर स्पीड में वाहन नही चलाने, सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने, वाहन के कागजात पूर्ण रखने, यातायात नियमो की पालना करने के लिए मुहिम चलाकर जानकारी दी गई और यातायात शाखा, झुन्झुनू से गांधी चौक तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान से यातायात नियमों की जानकारी दी गई। रिजर्व पुलिस लाईन, झुन्झुनू में छात्र-छात्राओं को उनके सराहनीय योगदान पर उप महानिरीक्षक पुलिस, जिला झुन्झुनू ने सम्मानित किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं व पुलिस कार्मिकों को ऑपन थियेटर में फिल्म दिखाई गई।

## मिस्का चौधरी ने नेशनल स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता




जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** खालासी गांव की बेटी मिस्का चौधरी ने बेंगलुरु में हुई 28वीं नेशनल स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग चैंपियनशिप 2025 में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। उन्होंने बोल्डर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल और स्पीड क्लाइंबिंग में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।मिस्का के दादा जगदीश भड़ीया ने बताया कि दसवीं कक्षा की छात्रा मिस्का पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने उत्तरकाशी में 26वीं नेशनल प्रतियोगिता, बेंगलुरु में 27वीं नेशनल प्रतियोगिता और जमशेदपुर में एशियन किड्स चैंपियनशिप में भाग लेकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इसके अलावा मिस्का ने सिंगापुर में आयोजित एशियन यूथ कप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्पीड क्लाइंबिंग में अपनी छाप छोड़ी। उनकी इस उपलब्धि से खालासी गांव में उत्सव जैसा माहौल है और हर कोई उनकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहा है। आबूसर निवासी मिस्का के नाना फूलचंद चाहर ने कहा कि दोहिती की यह उपलब्धि न केवल हमारे परिवार बल्कि पूरे झुंझुनूं जिले के लिए गर्व का विषय है। उसकी इस सफलता से क्षेत्र में खेलों के प्रति नई प्रेरणा और ऊर्जा का संचार होगा।

## दो दिवसीय स्पोर्टस मीट में दिखाया दमखम



जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनू(निस)।** स्थानीय न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्पोर्टस मीट में प्रथम दिवस में क्रिकेट मैच का आरम्भ टॉस से संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जीतना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है, इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है, वहीं उनके शारीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। स्पोर्ट्स मीट के दौरान खेल मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रथम दिवस पर प्रतियोगिताओं में क्रिकेट मैच, बिस्कीट रेस, लेमन रेस, कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य निधि सिहाग, शुभकरण खीचड व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे

## वार्षिकोत्सव व उमंग में टॉपर छात्रा को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** सरपंच मुकेश झाझडिया ने शहीद भानीसिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय टोडरवास में शुक्रवार को आयोजित वार्षिकोत्सव व उमंग कार्यक्रम में टॉपर रही छात्रा समीक्षा को साईकिल भेट की गई। मोजास वॉइस प्रिंसिपल सुशील कुमार विधालय प्रधानाचार्य ममता, धर्मपाल, नरेंद्र, प्रीति, सुनिता, राजेन्द्र, प्यारेलाल फरड़ोलिया, राम प्रसाद भढ़िया, रामलाल भडिया, रामलाल फरड़ोलिया, फूलचंद फरड़ोलिया, पाबूदान सिंह, चीमन सिंह, जवाहर, श्रवण झाझडिया, बाबूलाल, सांवरमल, राजपाल शर्मा, सुनिल अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर भामाशाहों व बच्चों को सम्मानित किया।

## एसडीएम ने रात्रि चौपाल में सुनी जनसमस्याएं

### निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने तारानगर क्षेत्र की खरतवासिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंचायत भवन में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की जनसमस्याए सुनी। ग्रामीणों ने पानी बिजली, सड़क, चिकित्सा आदि की समस्या उपखंड अधिकारी के समक्ष रखी। उपखंड अधिकारी ने संबधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए। विकास अधिकारी विनोद धायल ने सरकार की जनकल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सरपंच ख्यालीराम प्रजापत, तहसीलदार शुभम शर्मा, रेंजर सुरेन्द्रसिह सहायक अभियंता विजय प्रताप, शशिकांत, नायब तहसीलदार रतनलाल, एसीबीईओ भागचंद सोलंकी, एलडीसी नरेश मीणा, ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिह, राजेंद्र बागोरिया सहित समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्रमिकों का रोजगार जारी रखने की मांग, कलेक्टर के नाम सौपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** श्रमिकों का रोजगार निरंतर जारी रखने की मांग को लेकर तारानगर क्षेत्र के श्रमिकों ने जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। श्रमिकों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग रखी है कि केंद्र सरकार के नियमानुसार गरीब मजदूर वर्ग के लोगों को महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत 100 दिन का रोजगार देने का प्रावधान है लेकिन दिशा की मीटिंग में जन प्रतिनिधियों ने नरेगा का रोजगार संबधित मुद्दा उठाया था। सरकार के नियमानुसार मजदूर वर्ग जहाँ चाहे वहाँ मजदूरी कर सकता है। केंद्र सरकार का बजट 2024-25 में स्पष्ट लिखा है कि ब्लॉक में मजदूरी कर सकते है। हमें आशंका है कि हमारी मजदूरी बंद हो सकती है। इस मोके पर सुमेरसिँह, किशोरसिँह, सुरेन्द्र, राजेंद्र, मनीष, नवीन, संदीप, कृष्ण, सुमित्रा, पूजा, सुनीता, नरेश, रुगाराम, मोहरसिंह, विकास, सुरेश कुमार, रमेश, ताराचंद, बलवीर सहित कई लोग उपस्थित रहे

## वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** कस्बे के राजकीय इंद्रमणि बालिका विद्यालय में 2024-25 का वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं व भामाशाहो को सम्मानित किया गया। इस के दौरान रंगारंग कार्यक्रम भी किया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी और बेटियों ने देशभक्ति गीतों की भी प्रस्तुतियाँ दी। माणकचंद सैनी व करणीसिँह सैनी ने प्रोत्साहन राशि देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया तो वही हंसराज बोथरा ने 100 टेबल, 20 कुर्सी, 10 स्टील कुर्सी व साउंड सिस्टम देने की घोषणा की। इस मोके पर कमलेश, यासीन हिसारिया, सुशीला देवी, मंजू गोठवाल, पार्षद हरी इंदौरिया, जुगलाल सैनी, रक्षा सारस्वत, ओंकार, सुमेर सिहाग, पूनम आर्य, उर्मिला पचार, विनोद कस्वां, विमला भाकर, उषा पचार, बलवीर, नवीन आदि मौजूद रहे। रामकुमार पीटीआई ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## संतोष व्यास स्मृति सृजन सेवा सम्मान समारोहः विजेताओं को किया पुरस्कृत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मरूदेश संस्थान की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मूनलाईट सिनेमाहॉल में संतोष व्यास स्मृति सृजन सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 2021-22 का पुरस्कार करमाबाई जाट संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष अलका चौधरी, 2022-23 का पुरस्कार आरजेएस यास्मीन खान व 2023-24 का पुरस्कार दिल्ली यूनिवर्सिटी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. चयनिका उनियाल पंडा को दिया गया। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि पुरस्कार स्वरूप ग्यारह हजार रुपए का चैक, सम्मान पत्र व शॉल भेंट किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रयाज चिश्ती ने कहा कि एक सफल महिला के पीछे एक पुरुष का हाथ होता हैं। महिला और पुरुष परस्पर एक दूसरे के सहयोगी है और यह सहयोग ही हमें आगे बढ़ाता हैं। विशिष्ट अतिथि निर्मला तोदी ने कहा कि संतोष व्यास की स्मृति में यह आयोजन क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण का एक नवाचार है। मुख्य वक्ता शिक्षाविद् पुष्पलता मंडार ने कहा कि जीवन में बालिकाओं को खूब लगन के साथ शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए ताकि शिक्षा के माध्यम से जीवन में परिवर्तन ला सके। अध्यक्षता पुष्पा देवी गोठड़िया ने की। समारोह में दिवंगत संतोष व्यास की मलेशिया प्रवासी पुत्री अंजू पुरोहित का संदेश रानी जैन ने पढ़ा।

## रात्रिकालीन कंबल वितरण अभियान का समापन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर स्थित कलेक्ट्रेट सर्किल इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से पिछले 38 दिनों से चल रहे रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान का समापन समिति अध्यक्ष अकबर खान के नेतृत्व में ज़रूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित कर किया गया। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि बेसहारा लोगों की मदद करना ही सबसे बड़ी इंसानियत है, इसी इंसानियत के फर्ज़ को निभाते हुए समिति की ओर से रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान चलाकर बेसहारा और ज़रूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित कर उन्हें सर्दी से बचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि 38 दिनों तक चले रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान में चूरू, सादुलपुर, तारानगर, सरदारशहर, रतनगढ़, रामगढ़ फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, सीकर, बिसाऊ व झुंझुनूँ आदि शहरों में ज़रूरतमंद व असहाय लोगों को 353 कम्बल वितरित किए गए। समिति के सहायक सचिव मो. सलमान खान ने बताया कि ज़रूरतमंद लोगों की मदद करना सबसे बड़ा नेक और पुण्य का कार्य है। इस दौरान गुलाम हुसैन गौरी, इंजी.जाफर खान, मोहम्मद अली पठान, हसन खान, हुसैन खान, डॉ अखतर खान, अयूब खान, नौशाद खान, जाकिर खान, गफार खान, अजीज खान, महबूब खान, अबरार खान, शमशाद खान, मोती खान, सुलेमान मनिहार, आवेश कुरैशी आदि मौजूद रहे। समिति उपाध्यक्ष महमूद अली ने सभी का आभार जताया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों को किया सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** गुरुकुल आदर्श विद्या मंदिर रतनगढ़ में शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर अनु. जाति अनु. जनजाति अत्याचार निवारण संस्थान के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार जावा के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसके अध्यक्ष पद पर पूर्व शिक्षाविद् फकीर चंद दानोदिया, विशिष्ट अतिथि मंगतुराम मंडिवाल रहे। कार्यक्रम में विद्यालय बालिकाओं की ओर से बेटियां पर बने 'पापा में छोटी से बड़ी हो गई क्यों' कन्या भ्रूण हत्या पर जागरूकता का गीत 'ना आना इस देश में मेरी लाडो' बच्चों में ऑटिज्म, और मानसिक विकलांगता के बारे में जागरूकता गीत 'तारे जमीन पर' जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें विद्यालय की दर्जनों बालिकाओं ने भाग लिया। और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने बालिक-बालिकाओं में भेदभाव को दूर करने की बात कहीं। वही अध्यक्ष ने बालकों की पढ़ाई के लिए व बालिकाओं की विदाई के लिए कर्ज की बात कही कि जब मां बाप बालिका शिक्षा को बढावा दे तो बालिका विवाह पर कर्ज नहीं लेना होगा व दहेज नहीं देना होगा। विशिष्ट अतिथि मंडिवाल ने भी बालिका शिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। उपरोक्त कार्यक्रम में विद्यालय की 60 प्रतिभाओं को विशिष्ट मंच से सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कंचन स्वामी, नीतु शर्मा, सरिता, कविता, आकांक्षा, आकाश आदि विद्यालय स्टाफ सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित रहें। संचालन नेमीचंद सांखला ने किया।

## बालिका दिवस पर बालिकाओं को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भारत सरकार के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने व राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन पेंशन कल्याण भवन में किया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख वंदना ने कहा कि आज के युग में बेटिया भी किसी से कम नहीं है। हमें बेटियों को आगे बढाने के लिए उन्हे शिक्षित करना होगा। बेटियों को समय समय पर प्रोत्साहित करना होगा जिससे ये आगे जाकर अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने कहा कि एक बेटी पढ लिखकर दो घरों का नाम रोशन करती है। अभिभावकों को अपनी बेटियों को पढने के लिए शाला के मंदिर में भेजना होगा। जिससे बालिका शिक्षित बनें। आज के युग में बेटिया शिक्षा के साथ साथ खेल क्षेत्र में भाग लेकर देश का नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर महिला व बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नरेन्द्र सिंह शेखावत, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक जय प्रकाश, सुपरवाईजर कृष्णा आदि ने बालिकाओं, महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशासहोगनियों आदि का आभार व्यक्त किया। मंचस्थ अतिथियों ने 40 प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रेम कुमारी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रंगोली बनाई। कार्यक्रम में ज्ञानप्रकाश गोदारा, अंकित सैनी, भूपेन्द्र सिंह, अभिषेक चौधरी, संजु प्रजापत, संदीप भाम्बू, पूनम कँवर, मंजू, सुमन, रोशनी आदि ने भूमिका निभाई। संचालन महिला व बाल विकास सुपरवाइजर ज्योति वर्मा ने किया।

## शाखा प्रबंधक व्यवसाय वृद्धि के सभी लक्ष्यों को पूर्ण करेंः गोयल



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से शुक्रवार को होटल शक्ति पलैश में व्यवसायिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ महाप्रबंधक महेश कुमार गोयल ने किया। इस दौरान गोयल ने चूरू क्षेत्र की वर्तमान व्यवसायिक स्थिति से अवगत कराया और मार्च 2025 तक क्षेत्र के लक्ष्यों को अर्जित करने की कार्य योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर गोयल ने सभी शाखा प्रबंधकों से व्यवसाय वृद्धि के सभी लक्ष्यों को पूर्ण करने का आह्वान किया। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक करणबीर सिंह ने बैंक की ओर से दिसंबर 2024 त्रैमास तक बैंक की ओर से अर्जित विभिन्न पैरामीटर की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न बैंक व्यवसायिकों के विभिन्न पैरामीटर में उत्कृष्ट कार्य करने पर 45 शाखा प्रबंधकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य प्रबंधक राजेन्द्र कुमार दरगड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चूरू क्षेत्र की शाखाओं के शाखा प्रबंधक सहित क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राधा सैनी बनी एक दिन की जैन श्वेतांबर स्कूल की प्रिसिंपल



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर चूरू के जैन स्कूल में बालिका प्रोत्साहन के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय की व्याख्याता सपना शर्मा ने बालिका सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसी समय संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जागिङ ने विद्यालय की छात्रा राधा सैनी को एक दिन की प्रिसिंपल मनोनीत कर दिन भर का कार्य भार सौंपा। मनोनीत संस्था प्रधान राधा ने छात्रों व छात्राओं को एक दूसरे का सम्मान करने व अब परीक्षा में जुट जाने का संदेश दिया और कार्यकारिणी सदस्य अजय शर्मा, उपप्रधानाचार्य व विजयकुमार शर्मा के साथ कक्षाओ का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था देखी। सहयोगी विधार्थियों की समस्या समाधान का सत्र आयोजित किया।

## नुपूर कार्यक्रम में थिरके कदम, गूंजा सभागार



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** बालिका महाविद्यालय में नूपुर 2024-25 के दूसरे दिन का शुभारम्भ संगीत की मधुर स्वर लहरी के साथ एकल गायन प्रतियोगिता से हुआ। जिसमें छात्राओं नेहा तंवर, मानवी शर्मा, वंषिका शर्मा ने सत्यम्, शिवम्, सुन्दरम् मन बड़ा बहरूपिया........ आदि गीतों पर अपनी प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में सचिव भागीरथ शर्मा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी। प्राचार्य आषा कोठारी ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विजेता प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की। कार्यक्रम के अगले चरण में विचित्र वेषभूषा प्रतिभागियों में छात्राओं ने अलग-अलग रूप में अपनी अनोखी प्रस्तुतियां दिखाई। प्रतियोगिता में छात्रा ललिता प्रजापत ने प्रथम, लवली सोनी ने द्वितीय आर नित्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लय-ताल के संगम के साथ युगल-नूत्य प्रतियोगिता हुई। वो कृष्णा है...., राधा कैसे ने जले.....,आयो रे आयो रे म्हारा ढोलना आदि गीतों पर छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुती दी। प्रतियोगिता में छात्रा माधवी शर्मा, मानवी शर्मा ने प्रथम, नेहा कुमारी, वंषिका शर्मा ने द्वितीय, पुनीता आसेरी, नन्दनी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विविध रंगों से सजी रंगोली प्रतियोगिता में छात्रा जानवी रक्षक, माही वर्मा, मुस्कान क्रमषः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। इसी क्रम में छात्राओं ने मेहन्दी प्रतियोगिता में अपना कला- कौशल उभारा। जिसमें छात्रा रीना ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय और रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका सहायक आचार्य कविता पंसारी, रवीन्द्र लाटा, डॉ. मन्सूर अली खान, सुषीला नाई, उमा भाटी, मुकेष बालान आदि ने निभाई। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. निर्मला सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन सहायक आचार्य ज्योत्स्ना सोनी ने किया।

## हनुमान बने तहसील अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट दीनदयाल प्रजापत ने सुजानगढ़ के एडवोकेट हनुमान प्रजापत को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. आर.सी कुमावत के निर्देशानुसार चूरू प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष ने यह नियुक्ति की है। एडवोकेट हनुमान प्रजापत को शीघ्र कार्यकारिणी गठित करने व समाज, संगठन हित में काम करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## सैनी ने संभाला संस्थापन अधिकारी का कार्यभार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सीबीईओ ऑफिस में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी रामप्रसाद सैनी संस्थापन अधिकारी बने हैं। मंत्रालयिक कर्मचारी संवर्ग का यह सबसे बड़ा पद है। वहीं रामप्रसाद सैनी ने संस्थापन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया, तो ऑफिस में कार्यरत लोगों ने उनका स्वागत किया। सैनी का नरेंद्र स्वामी, अमरनाथ, कमल रांकावत, सत्यनारायण, डालमचंद, तिलोकाराम, बुधाराम आदि ने माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया।

## बालिका दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर में बालिका दिवस पर शुक्रवार को विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय लोहिया गर्ल्स कॉलेज में जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। तालुका सदस्य संतोष कुमार इंदौरिया, बार संघ के अध्यक्ष मनीष शर्मा, एडवोकेट लक्ष्मण प्रजापत, प्राचार्य श्रुति मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्राओं को उनके अधिकारों से अवगत करवाया और कानूनी जानकारियां प्रदान की गई। इस अवसर पर बार संघ के उपाध्यक्ष खेमाराम प्रजापत, महासचिव निरंजन चौहान, हरीश जसैल, विकास ज्याणी, रवि रणवीर, कान्हा ताम्रायत, सुनील स्वामी, गौरीशंकर हरितवाल सहित कॉलेज परिवार के सदस्य व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## बेटी बचाओं, बेटी पढाओं की दिलाई शपथ



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर चिकित्सा विभाग की ओर से इण्डियन पब्लिक बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बेटी-बचाओं, बेटी-पढाओं व बेटी जन्मोत्सव के प्रति छात्रा अध्यापिकाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य बजरंग हर्षवाल ने अध्यापिकाओं को लिंग जांच कानून पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 सहित बेटियों के लिए सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। हर्षवाल ने कहा कि इस कानून के अन्तर्गत गर्भ में पल रहे भ्रूण का पता लगाना कानूनी अपराध है। इसका प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक कर वर्तमान में गिरते लिंगानुपात को रोके। इसके साथ ही मुखबिर योजना और महिलाओं के सम्मान में चलाई जा रही लाडो योजना, सुकन्या समृद्धि योजना व मां वाउचर योजना सहित अनेक योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर उपस्थित जनों ने बेटी बचाओं, बेटी पढाओं की शपथ ली और इसके पोस्टर पर हस्ताक्षर कर आमजन को जागरूक करने का संदेश दिया। जिससे गिरते लिंगानुपात को सुधारा जा सके। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरूणा सहगल, व्याख्याता विशनाराम हुड्डा, खण्ड कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापत, डॉ. हेमाश्री, एसएचएस सुनिता कुमारी, संगणक नितिन शर्मा, डॉ. प्रवीण सोलंकी व डॉ. पुष्पा सहारण ने सोनोग्राफी मशीन, खान पान, एनीमिया आदि के बारे में छात्राओं को जागरूक किया।

## लोभियों का नहीं भरा मन, दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**रतनगढ़(निस)।** शादी में दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं होने पर ससुरालपक्ष के लोगों ने पांच लाख रुपए व बाईक की डिमांड करते हुए विवाहिता को प्रताड़ित किया और इस मांग को लेकर उसे घर से निकाल दिया। इस आशय का मुकदमा पुलिस थाना में न्यायालय के माध्यम से दर्ज हुआ है। पुलिस ने न्यायालय से मिले परिवाद पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कोर्ट से मिले परिवाद में मंजू पुत्री नानूराम प्रजापत निवासी सेहला के उल्लेख किया है कि उसकी शादी राजगढ़ तहसील के गांव निम्मा निवासी 28 वर्षीय संदीप प्रजापत के साथ 20 मार्च 2017 को हुई थी। शादी में पिता ने हैसियत से बढ़कर दहेज दिया था, लेकिन पति संदीप, 65 वर्षीय ससुर उम्मेद, 60 वर्षीय सास नाथी देवी, 25 वर्षीय देवर मुकेश व 30 वर्षीय ननद ललिता दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और उसे प्रताड़ित करने लगे और दहेज में पांच लाख रुपए व बाईक की डिमांड करने लगे।

# राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
25 जनवरी, 2025


रजत जयंती बसंतोत्सव

## कोलकाता के कलाकारों की सिंदूर खेला प्रस्तुति रही आकर्षण का केन्द्र



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव ढ़ांढ़ंण में अखिल भारतीय माँ टीडा गेला बसंतोत्सव परिवार की ओर से टीडा गेला दादी के 25वें अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत शुक्रवार को दादी का भव्य मंगल पाठ किया गया। पाठ का वाचन अकोला की नेतल शर्मा ने किया। इस दौरान कोलकाता के बंगाली कलाकारों ने सिंदूर खेला की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान उपस्थित महिला शक्ति ने अपने मस्तिष्क पर सुहाग के प्रतीक दादी का पवित्र सिंदूर लगाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर कलाकारों की ओर से दी गई मां अंबे की प्रस्तुति सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। पाठ के अन्तर्गत राजस्थान के सभी देवी- देवताओं का प्रस्तुतियों के माध्यम से गुणगान किया गया। पाठ के दौरान श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। मंगलपाठ के बाद दादी की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे। इसी क्रम में शुक्रवार शाम उज्जैन के बाबा महाकाल के अनन्य किशन भगत की ओर से दी गई एक शाम शिव शक्ति के नाम की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं का मन मोहा। देश विदेश से आए हजारों भक्तों ने कार्यक्रम का जमकर लुफ्त उठाया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को विश्व विख्यात अनूप जलोटा व कविता पौडवाल की ओर से आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। समिति के पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## एक्सपोजर विजिट में विद्यार्थियों ने किया परस्पर संवाद



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भारत सरकार के स्टार प्रोजेक्ट व शिक्षा विभाग की ओर से जागृति आंगन कार्यक्रम अन्तर्गत चयनित जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जान्दवा में शुक्रवार को सुजानगढ, बीदासर और रतनगढ ब्लॉक के कुल 60 विद्यार्थियों की एक्सपोजर विजिट आयोजित की गई। रतनगढ़ सीबीईओ उमेश जाखड़ ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सीबीईओ जाखड़ ने कहा कि जागृति आंगन कार्यक्रम से तीनों ब्लॉक के विद्यार्थियों के मध्य परस्पर संवाद और नवाचारों की जानकारी से उनके व्यक्तित्व में निखार आएगा। इस अवसर पर जागृति आंगन विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सोनी ने बताया कि विद्यालय में जल संरक्षण के लिए नवाचार किए गए हैं और बूंद- बूंद सिंचाई विधि से पेड़ पौधों में सिंचाई की जाती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता और अकादमिक गतिविधियां अनवरत गतिशील रहती हैं। इस अवसर पर महावीर सिंह सारण, नन्दलाल स्वामी, शुभकरण शर्मा व अंजु चौहान, सुजला, सरिता, राजपाल सिंह सहित विद्यालय स्टाफ व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ अध्यापक दूलीचंद ने किया।

साइबर ठगी से लूटे गए पैसे आए वापस

## भानीपुरा पुलिस ने 1.09 लाख रुपए रिफंड कराए, 12 गुमशुदा मोबाइल भी लौटाए

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** चूरू जिले में साइबर अपराधों से निपटने के लिए चलाए जा रहे साइबर शील्ड अभियान को बड़ी सफलता मिली है। भानीपुरा पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार हुए लोगों के 1,09,789 रुपये वापस दिलवाने में सफलता हासिल की है। साथ ही 12 गुमशुदा मोबाइल फोन भी उनके मालिकों को लौटाए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के अनुसार महानिदेशक पुलिस राजस्थान के निर्देश पर 2 जनवरी से 31 जनवरी तक साइबर शील्ड अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतपालसिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। भानीपुरा थाने में दर्ज शिकायतों में पिचकराई ताल निवासी दलीप कुमार के खाते से 84,999 रुपये, साडासर निवासी भरतसिंह के खाते से 30,000 रुपये और बरजांगसर निवासी जंगशेर खान के खाते से 3,400 रुपये की साइबर ठगी की गई थी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फ्रॉड की राशि को ट्रेस किया और न्यायालय के आदेश से पीड़ितों के खातों में वापस करवाया। थानाधिकारी रायसिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल मनीष कुमार और महिला कांस्टेबल दीपिका की टीम ने सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज गुमशुदा मोबाइल फोन को भी ट्रेस कर उनके मालिकों को लौटाने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अन्य मामलों में भी कार्रवाई जारी है।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रमः जिला स्तरीय जागरूकता शिविर

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के युवा छात्र-छात्राओं और अन्य बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया। शिविर में खादी व ग्रामोद्योग आयोग, बीकानेर मण्डलीय कार्यालय सहायक निदेशक जेपी सिंह, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, एलडीएम अमर सिंह, आरसेटी निदेशक अमनदीप व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उपनिदेशक नेहा सैनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सहायक निदेशक जेपी सिंह ने पीपीटी के माध्यम से पीएमईजीपी योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत वित्तीय संस्थान से मार्जिन मनी अनुदान युक्त ऋण प्राप्त कर इच्छुक लाभार्थी अपना स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकते हैं। एलडीएम अमर सिंह ने बैंक से ऋण लेने संबंधी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए आगन्तुकों को ऋण लेकर अपना स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। आरसेटी निदेशक अमनदीप ने पीएमईजीपी योजनांतर्गत ईडीपी ट्रेनिंग के संबंध में जानकारी दी।

# नागरिकों की सुविधाओं के विस्तार में अनूठी पहल है चूरू 311 एप्प : राठौड़

### पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने की चूरू 311 एप्प की लॉन्चिंग

### जिले में 22 से 24 फरवरी को आयोजित होगा चूरू महोत्सव

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को चूरू नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद की ओर से विशेष पहल चूरू 311 एप्प की लॉंचिंग की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि चूरू 311 एप्प चूरू के नागरिकों की सुविधाओं के विस्तार में अनूठी पहल है। जिले में हो रहे नवाचारों से आमजन की सुविधाओं का विस्तार हो रहा है और उन्हें बेहतरीन सुविधाएं मुहैया हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप डिजिटल इंडिया की कल्पना साकार हो रही है और इसी कल्पना में चूरू भी समानांतर आगे बढ़ रहा है। चूरू 311 एप्प से चूरू के निवासियों को डिजिटल युग में अनूठी सुविधाएं मिलेगी। एक क्लिक पर विभिन्न जानकारी मिलेगी। इसी के साथ नागरिक अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की शिकायत भी कर सकते हैं। यह ऐप नागरिक सुविधाओं की लिए अगुवाई करने वाला ऐप साबित होगा। उन्होंने कहा




कि जिले में विभिन्न नवाचार हो रहे हैं और एक लंबे ठहराव के बाद चूरू महोत्सव का आयोजन किया जाना चूरू के लिए बड़ी पहल है। हम पुरानी संस्कृति और खान-पान की ओर लौट रहे हैं। चूरू महोत्सव विरासत को ताजा करने का सशक्त माध्यम बनेगा। हम सभी मिलकर महोत्सव को यादगार बनाएं और उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि प्रयास करें कि महोत्सव में लुप्त होती कलाओं, खेल सहित समृद्ध विरासत को सहेजा जाए।

राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए अपने पहले बजट में बड़ी सौगात दी और इस वर्ष भी प्रदेश के विकास के लिए नई संभावनाएं मिलेंगी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति की जिला प्रशासन तक सीधी पहुंच हो। एक क्लिक पर आमजन को बेहतरीन सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि चूरू सहित जिले के सभी 10 नगर निकायों व ग्राम पंचायतों में भी चूरू 311 एप्प की सुविधा उपलब्ध है। आमजन इस पर किसी प्रकार की समस्या की शिकायत करते हैं तो वह सीधी संबंधित अधिकारी के पास पहुंच जाएगी। यह एप्प नागरिकों की डे टू डे लाइफ में काफी सहयोगी साबित होगी।


उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा 22 से 24 फरवरी को चूरू महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में जिला प्रशासन ने प्रयास किए हैं कि साहित्य और साहित्य जुड़े लोगों को बढ़ावा दें। इसके लिए लिटरेचर फेस्टिवल करवाया जाए व विरासत को पुनर्जीवित किया जा सके। इसी के साथ बच्चों को किताबों व पढ़ने की संस्कृति से जोड़ा जाए। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि हम सभी चूरू महोत्सव के सफल आयोजन के लिए अपने सुझाव दें और सभी मिलकर सहयोग की भावना से काम करें। इस अवसर पर बसंत शर्मा, विमला गढ़वाल, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, सत्तार खान, गोपाल बालाण, मोहन गढ़वाल, नारायण बेनीवाल सहित अतिथि मंचस्थ रहे। आयुक्त अभिलाषा सिंह, भारत भूषण पूनिया, अंकुर, कैलाश आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने चूरू 311 एप्प की लॉंचिंग की। आयुक्त अभिलाषा सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के मार्गदर्शन में आमजन को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने की दृष्टि से जिला नवाचार निधि के माध्यम से चूरू 311 एप्प विकसित किया गया है। आमजन इस एप्प के माध्यम से फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस सहित विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं, वहीं साथ ही नजदीकी अस्पताल, नजदीकी पुलिस थाने, प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क नंबर सहित विभिन्न जानकारियां भी प्राप्त कर सकेंगे। आमजन अपने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न शिकायतें भी दर्ज कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री राठौड़ ने नगरपरिषद कार्यालय के पार्क में बनाई गई पब्लिक पार्क लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया और कहा कि यह नवाचार आमजन में पुस्तक संस्कृति लौटाने में बहुत सहयोगी साबित होगा।

### 22 से 24 फरवरी तक आयोजित होगा चूरू महोत्सव

इस मौके पर अतिथियों ने जिला प्रशासन, जिला पुलिस, चूरू नगरपरिषद व संप्रीति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 22 से 24 फरवरी को जिला मुख्यालय पर रिजर्व पुलिस लाइन खेल मैदान में आयोजित हो रहे चूरू महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। जारी पोस्टर के अनुसार चूरू महोत्सव में विरासत कार्निवल यात्रा, आर्ट व क्राफ्ट मेला, फन गेम्स, फूड बाजार, डेजर्ट सिंफनी, राजस्थानी लोक संगीत, पारंपरिक लोक नृत्य, राजस्थानी म्यूजियम, विशाल सांस्कृतिक संध्या, कला प्रदर्शनी, विभिन्न कार्यशालाएं, आतिशबाजी शो, लिटरेचर फेस्टिवल, किताबों का संसार, प्रवासी मिलन उत्सव, गौरवश्री अवॉर्ड्स, कवि सम्मेलन, मेगा पेंटिंग प्रदर्शनी, एडवेंचर गतिविधियां सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में मिस/मिस्टर/मिसेज चूरू प्रतियोगिता, एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिता, स्पॉट शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता, पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, कविता पाठ, प्रतियोगिता, लोक गीत प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, वादन प्रतियोगिता, स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता, स्पॉट क्विज प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता सहित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## हर घर जल व बिजली पहुंचाना हमारा नैतिक कर्तव्यः रिणवां

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के सिंवरा की ढाणी पातलीसर में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां सहित जनप्रतिनिधियों ने 33 केवी जीएसएस का शुभारंभ किया गया। आयोजित समारोह में सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर जीएसएस पर तिलकार्चन कर फीता काटकर विधुत सप्लाई शुरू कर शुभारंभ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, अध्यक्षता भाजपा नेता मधुसूदन राजपुरोहित व विशिष्ट अतिथि डेयरी अध्यक्ष लालचंद मूड, पूर्व प्रधान भैरूसिंह राजपुरोहित, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, बीडीसी मेंबर इंदरसिंह राजपूत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा कि काम ऐसा करो जिससे सभी को खुशी महसूस हो आपसी भेदभाव मिटाकर सभी को साथ लेकर के जनहित के कार्य करता हूं, आज इस क्षेत्र के ग्रामीण लोग बड़े सौभाग्यशाली हैं कि अब उनके खेतों में बिजली की आपूर्ति भरपूर होगी व फसलें लहराएगी। मेरा काम जन सेवा करना है नेकी कर दरिया में डाल, एक हाथ से काम करो तो दूसरे हाथ को पता नहीं चलना चाहिए कि क्या काम हुआ है हम लोगों का यह नैतिक कर्तव्य है कि हर घर को बिजली व पानी मिलना ही चाहिए और इसी मुख्य उद्देश्य को लेकर में निरंतर आपकी सेवा में कार्य कर रहा हूं। भाजपा नेता मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि पंचायत समिति के माध्यम से इन गांवो में भरपूर कार्य पंचायत की ओर से करवाए गए हैं व आगे भी विकास के कार्यों में भाजपा कहीं पर भी कसर नहीं छोड़ेगी व आपके वाजिव काम होते रहेंगे। ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर अतिथियों का स्वागत करते हुए साफा, मांलाए पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिला मंत्री श्याम पारीक, तिलोक जागिड़, पार्षद दीपक बैद, तुलसीराम जोशी, कन्हैयालाल शर्मा, भागीरथ उपाध्याय, राजवीरसिंह राठौड़, रामसिंह पूनियां सहित विधुत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन युवा नेता प्रमोद राजपुरोहित ने किया।

### गणतंत्र दिवस समारोह का पूर्व अभ्यास, कलक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह का शुक्रवार को पूर्व अभ्यास किया गया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और समुचित दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह से जुड़े सभी आयोजन गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित हों। कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंधन किया जाए। इसके लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी सौंपे गए दायित्वों का समुचित निर्वहन करें। इस मौके पर उन्होंने परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आगंतुकों के बैठने, पेयजल सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, तहसीलदार अशोक गोरा, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, आरआई सतवीर मीणा सहित अधिकारी व प्रतिभागी मौजूद रहे।

## जल बचाने की जानकारी देकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य कर रही आरयूआईडीपी के सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत शहर के एसआर एजुकेशन ग्रुप में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सरकार की ओर से चलाई जा रही लाभकारी विकास परियोजना के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने ही स्कूल में जल अंकेक्षण किया। कार्यक्रम में सामाजिक विकास अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि जल है तो कल है बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आए हैं जल ही जीवन हैं। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती। जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमुल्य संसाधन है जल, या यूं कहें कि यही सभी सजीवों के जीने का आधार है जल। जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है देश के कई हिस्सों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। प्रतिवर्ष यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जाती है। लेकिन हम हमेशा यही सोचते हैं बस जैसे तैसे गर्मी का सीजन निकल जाए बारिश आते ही पानी की समस्या दूर हो जायेगी और यह सोचकर जल सरंक्षण के प्रति बेरुखी अपनाये रहते हैं। शुद्ध पेयजल की अनुपलब्धता और संबंधित ढेरों समस्याओं को जानने के बावजूद देश की बड़ी आबादी जल संरक्षण के प्रति सचेत नहीं है। जहां लोगों को मुश्किल से पानी मिलता है वहां लोग जल की महत्ता को समझ रहे हैं। लेकिन जिसे बिना किसी परेशानी के जल मिल रहा है वह बेपरवाह नजर आ रहे हैं। आज भी शहरों में फर्श चमकाने, गाड़ी धोने और गैर-जरुरी कार्यों में पानी को निर्ममतापूर्वक जल बहाया जाता है। वो दिन दूर नहीं जब हम सरदारशहर में भी इसी तरह पानी को बर्बाद करते रहे तो यही हाल अपने शहर का होगा। ऐसी स्थिति सरकार और आम जनता दोनों के लिए चिंता का विषय है। इस दिशा में अगर त्वरित कदम उठाते हुए सार्थक पहल की जाए तो स्थिति बहुत हद तक नियंत्रण में रखी जा सकती है। अन्यथा अगले कुछ वर्ष हम सबके लिए चुनौतिपूर्ण साबित होंगे। स्कूल प्रिंसीपल मोहसीन बहलीम ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला व आरयूआईडीपी की ओर से इस तरह की पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को इस तरह जल के प्रति जागरूक करने से छोटी उम्र से ही बच्चों में जल संरक्षण की भावना आएगी। सोशल आउटरीच टीम से पवन सिंह व अध्यापक दलीप, सालमान, सिमरन, मुस्कान ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### *गणतंत्र दिवस पर स्वर्ण जयंती स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय समारोह*

*जयपुर टाइम्स*

***झुंझुनूं(निस)।*** *गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह स्वर्ण जयंती स्टेडियम पर आयोजित होगा, जहां पर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ध्वजारोहण करेंगे। 26 जनवरी को प्रातः 9.15 बजे मुख्य अतिथि की ओर से ध्वजारोहण किया जाएगा, इसके बाद पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रीय धुन एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा, मुख्य अतिथि इसके बाद परेड का निरीक्षण करेंगे और मार्च-पास्ट एवं सलामी लेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर अजय कुमार आर्य की ओर से राज्यपाल के संदेश का वाचन किया जाएगा। इस दौरान शहीद सैनिकों के आश्रितों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र व पारितोषिक वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन, विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा।*

विधायक गोदारा ने विभागवार की समस्याओं पर चर्चा

# सुजानगढ़ पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में

### मनरेगा का वार्षिक प्लान पारित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने सुजानगढ़ पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक ली। प्रधान मनभरी मेघवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल भी मौजूद रहे। बैठक में रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने विभागवार जन समस्याओं पर चर्चा आमंत्रित की, जिस पर ग्रामीण क्षेत्र की जन समस्याएं लोगों ने रखी। डॉ. प्रदीप सोनी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में पशु चिकित्सकों के 24 पद स्वीकृत हैं, लेकिन 10 ही कार्यरत हैं, ऐसे में इन पदों को भरा जाना चाहिए, ताकि पशुपालकों को राहत मिल सके। बैठक में पूसाराम गोदारा ने




सड़कों पर चर्चा के दौरान कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज का काम कब शुरू होगा, जानकारी दीजिए। जिस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता हरीगोपाल ने कहा कि 15 फरवरी तक पुल का काम शुरू हो सकता है। सहायक अभियंता ने बताया कि कुल 69 लोगों के अतिक्रमण इस रास्ते में हैं, जिस पर दोनों विधायकों ने कहा कि आप अतिक्रमणों की चिंता मत करिए, आप तो छापर साईड की ओर से पुल का निर्माण कार्य शुरू कीजिए। विधायक पूसाराम गोदारा ने सानिवि अधिकारियों से बाकी पड़ी छापर देवानी सडक का निर्माण शीघ्र शुरू करवाने के लिए कहा। दोनो विधायकों ने नागौर जिले से जोडने वाले बाघसरा आथुणा से ढीकला, लुहारा से सांडवा, इंयारा से सडू, चरला से सांडवा सडकों को सही करवाने के लिए कहा। बैठक में पानी, बिजली सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार राजूदेवी बुनकर, विकास अधिकारी रवि कुमार, जिला परिषद सदस्य नौरंगलाल सीलू, एईएन मोहित पाराशर, बीसीएमओ डॉ. भुपेन्द्र कुमार, अधिशाषी अभियंता कैलाश माली, सहायक कृषि अधिकारी रतनलाल यादव, गौरीशंकर नाई, सरपंच प्रतिनिधि आनंदसिंह, रामानंद फलवाड़िया, कमलकांत बैदी, घनश्याम भाटी, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे। प्रधान मनभरी देवी मेघवाल ने आभार प्रकट किया।

### 677 करोड़ का मनरेगा प्लान पारित

विधायक पूसाराम गोदारा ने बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा प्लान आमंत्रित किया। जिस पर विकास अधिकारी रवि कुमार ने सुजानगढ़ पंचायत समिति के 10 हजार 142 कार्यों के लिए कुल 67,693 लाख रूपये का मनरेगा प्लान प्रस्तावित किया, जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया। इस अवसर पर पूसाराम गोदारा ने कहा कि बाकी कोई जनप्रतिनिधि अगले दो तीन दिन में काम बताते हैं, तो उन्हें भी इसमें शामिल कर लिया जाए। धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक का समापन हुआ।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।